हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 22 जनवरी 2025 | अंक 101/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart), पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# दावोस में हस्ताक्षरित पहला समझौता

## गढ़चिरोली के स्टील उद्योग में 5200 करोड़ का निवेश, 4 हजार नौकरियां होंगी पैदा

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस इस समय दावोस के दौरे पर हैं। यहां चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में महाराष्ट्र के लिए पहला एमओयू गढ़चिरोली के लिए साइन किया गया है।

कल्याणी समूह गढ़चिरोली में इस्पात उद्योग के लिए 5200 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके लिए कल्याण ग्रुप ने महाराष्ट्र सरकार के साथ एक एमओयू किया है।

महाराष्ट्र राज्य सरकार और कल्याणी समूह में इस्पात और रक्षा क्षेत्र में एक समझौता हुआ है. गढ़चिरौली में स्टील उद्योग के लिए 5 हजार 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा. इससे 4 हजार नौकरियां भी पैदा होंगी. दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कल्याणी ग्रुप के प्रमुख अमित कल्याणी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से मुलाकात कर यह अहम समझौता किया.



इस बीच मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने विश्व विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक अध्यक्ष क्लाउस श्वाब से मुलाकात की। दोनों के बीच ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिकल व्हीकल, इंडस्ट्री में कई नए विकास पर चर्चा हुई. क्लॉस श्वाब ने भी महाराष्ट्र के विकास की कामना की.

फिलहाल दावोस में महाराष्ट्र पवेलियन बनकर तैयार है. अगले दो दिनों तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. महाराष्ट्र के लिए रिकॉर्ड एमओयू होगा और विभिन्न कंपनियों के साथ बैठक भी होगी. इस मौके पर देवेन्द्र फड़णवीस ने होरासिस के चेयरमैन फ्रैंक जर्गेन रिक्टर से भी मुलाकात की। फ्रैंक विश्व आर्थिक मंच के पूर्व निदेशक हैं।

फ्रैंक जर्गेन रिक्टर ने आने वाले वर्षों में मुंबई में वैश्विक कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने की पहल की दिखाया गया. इस अवसर पर नई तकनीक और नवप्रवर्तन पर जोर देते हुए राज्य सरकार के सहयोग से ऐसे संगठन के आयोजन और होरेस का मुख्यालय मुंबई में होने के बारे में भी प्रारंभिक चर्चा हुई।

## भूकंप से हिली मेघालय की धरती, रिक्टर स्केल पर 4.1 रही तीव्रता

**नई दिल्ली.** मेघालय में आज एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. आज 12 बजकर 34 मिनट पर यहां 4.1 तीव्रता का भूकंप आया, जो कि 10 किमी गहराई में था.

मेघालय की दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स इलाके में ये झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है. हालांकि इस भूकंप से जान-माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है.

## खबरें! एक नजर में!!

### चीन से टकराव या दोस्ती

**वाशिंगटन.** डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे अधिक सवाल चीन को लेकर उनकी नीति के बारे में पूछे जा रहे हैं. दुनिया की दो सबसे बड़ी शक्तियों के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण चल रहे हैं. लेकिन वाशिंगटन में नई सरकार के बनने से पहले ही दोनों देशों ने बातचीत में रूचि दिखाई है. यहां हम पांच पिछले कुछ दिनों 5 ऐसे घटनाक्रम का जिक्र कर रहे हैं जो भविष्य में बीजिंग और वाशिंगटन के संबंधों में सकारात्मक बदलाव का संकेत देते हैं.

### पाकिस्तान से आया दूल्हा

**जोधपुर.** राजस्थान के जोधपुर में एक परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए पाकिस्तान से आया है. दुल्हन के परिवार के सदस्यों की मानें तो उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की शादी भारत में हुई है. सीमा के उस पार पाकिस्तान में शादी के लिए उनकी जाति में सारे लोग उनके ही गोत्र के हैं, इसलिए शादी के लिए सीमा के इस पार आना पड़ता है. बताया जा रहा है कि बुधवार को बारात दुल्हन को लेने के लिए जैसलमेर से जोधपुर पहुंचेगी. दुल्हन का नाम मीना सोढ़ा है और उनके पिता का नाम गणपत सिंह सोढा है, जबकि माता का नाम डिम्पल भाटी है.

### गिलियन-बैरे सिंड्रोम के 22 संदिग्ध मामले

**पुणे.** महाराष्ट्र के पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के 22 संदिग्ध मामले सामने आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने मरीजों की विस्तृत जांच की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के सैंपल जांच के लिए आईसीएमआर-एनआईवी को भेजे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से अधिकतर मामले शहर के सिंहगढ़ रोड इलाके से सामने आए। डॉक्टरों के अनुसार, गिलियन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें अचानक सुन्नता और मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है।

### कर्मचारियों और पेंशनर्स को दी खुशखबरी

**रांची.** झारखंड में हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें 18 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत कर्मचारी और उनके आश्रितों को सामान्य बीमारियों में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये और गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपये कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

### बैंक खाते से उड़ाए 3 करोड़

**बेंगलुरु.** साइबर ठगी के अपराधी अब नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे वे आसानी से लोगों को ठग लेते हैं. ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, मैलवेयर अटैक और अन्य तरीकों से लोगों को शिकार बनाते हैं. बेंगलुरु से भी साइबर ठगी का एक नायब मामला सामने आया है. साइबर अपराधियों ने एक नया तरीका अपनाते हुए एक व्यक्ति को फ्री मोबाइल फोन दिया.

# ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एनकाउंटर में 16 नक्सली ढेर

**गरियाबंद.**

नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ पुलिस के मुताबिक, ये मुठभेड़ छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर गरियाबंद इलाके में हुई है। पुलिस ने बताया है कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

**'सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एनकाउंटर में 16 नक्सलियों के ढेर होने की खबर सामने आ रही है। सुरक्षा बलों के लिए ये बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।'**



**लगातार जारी है ऑपरेशन :**

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों का अभियान 24 घंटे से ज्यादा समय से जारी है। इससे पहले सोमवार को मुठभेड़ हुई थी जिसमें महिला नक्सलियों की मौत हुई थी। वहीं, सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। इसके बाद सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह मुठभेड़ हुई, जिसमें 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है।

गरियाबंद मुठभेड़ के बाद अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ वाले स्थल से एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किये गये हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती भी शामिल है। सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में नक्सलियों या माओवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। ये इलाका ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के बॉर्डर से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित है। इसके बाद 19 जनवरी को रात में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया था।

### मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपती भी शामिल

**सीएम साय का बयान**

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ी घाट के पास हमारे सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है। अभी तक एक दर्जन से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। एक हफ्ते के अंदर ही नक्सलियों के साथ दो बड़ी मुठभेड़ हुई है और हमारे जवानों को बड़ी सफलता मिली है और हमारी सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए काम कर रही है।

# तुर्किए के रिसॉर्ट में लगी भीषण आग, 66 की मौत

**कार्तलकाया.**

उत्तर पश्चिमी तुर्किए में स्थित एक स्की रिजॉर्ट के होटल में सोमवार देर रात को आग लग जाने से 66 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि आग बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिजॉर्ट में एक होटल के रेस्तरां में लगी थी। टेलीविजन पर दिखाए गए आग के दृश्यों में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिख रही है। आग लगने का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है।



**घबराहट में इमारत से कूदे लोग**

सरकारी 'अनादोलु' समाचार एजेंसी ने गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन के हवाले से बताया कि घबराहट में इमारत से कूदने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। निजी 'एनटीवी टेलीविजन' ने अपनी खबर में बताया कि कुछ लोगों ने चादरों के सहारे अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। आयदीन ने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे।

होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने 'एनटीवी टेलीविजन' को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने 'एनटीवी टेलीविजन' को बताया, ''मैं अपने कुछ छात्रों से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि वो ठीक होंगे।'' कार्तलकाया, इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है।

## जम्मू के ज्वेल चौक इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या

**जम्मू.**

जम्मू के ज्वेल चौक इलाका मंगलवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज हुआ। थार वाहन पर अज्ञात बंदूकधारी ने करीब सात राउंड फायरिंग की। थार में सवार युवक को चार गोलियां। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मृतक की हुई पहचान**

मृतक की पहचान सुमित जंडियाल पुत्र ओम प्रकाश उम्र 37 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक वेस्ट नं. 9 विजयपुर का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भेज दिया गया है। युवक की मौत गोली लगने से हुई है। हमलावर की तलाश पुलिस कर रही है। नवाबाद थाने से 100 मीटर दूर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बंदूकधारी एक कार में सवार थे और उन्होंने थार वाहन पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोली लगने से थार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोलीबारी के तुरंत बाद घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



## डब्ल्यूएचओ से अमेरिका ने खुद को किया बाहर

**वाशिंगटन.** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस विश्व संस्था से अमेरिका के अलग होने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर खेद व्यक्त किया है। साथ ही डब्ल्यूएचओ ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा और साझेदारी को बनाए रखने के लिए रचनात्मक बातचीत में शामिल होगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू करने वाले एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए। पांच साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने वैश्विक निकाय से हटने का आदेश दिया है।

# मोदी 5 को महाकुंभ में जा सकते हैं

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।



इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि).

## मॉल में लड़की की लाश मिलने से मचा हड़कंप

**मुंबई.** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पूर्वी उपनगर स्थित एक शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में मंगलवार को एक अज्ञात युवती का शव मिला है। इस घटना से मॉल और आसपास के लोग दहशत में आ गए। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक भांडुप इलाके में स्थित ड्रीम्स मॉल में मंगलवार सुबह वहां के एक कर्मचारी ने युवती का शव देखा। कर्मचारी ने इस घटना की सूचना अपने सीनियर अधिकारियों को दी। इसकी सूचना पुलिस को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गई और निरीक्षण के बाद शव को बाहर निकाला।

# महाकुंभ में आज होगी योगी सरकार की कैबिनेट बैठक

## > पूरे मंत्रिमंडल के साथ सीएम लगाएंगे संगम में डुबकी

**प्रयागराज.**

प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार यानी 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। महाकुम्भ में बुधवार यानी 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।



**यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया**

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

**बैठक को लेकर सभी पहलुओं का रखा गया ध्यान**

पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

**सभी मंत्री करेंगे पूजा-अर्चना**

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

**बैठक में ये मंत्री होंगे शामिल**

जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

**मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम**

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

## महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे गौतम अडानी

**प्रयागराज.**

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी अपनी पत्नी प्रीति अडानी के साथ महाकुंभ में मौजूद हैं। इस दौरान उन्होंने पत्नी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को भोजन वितरित किया है। बता दें कि अडानी समूह और इस्कॉन ने प्रयागराज के महाकुंभ मेले में भक्तों को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के लिए दी जा रही है।



**संगम में डुबकी लगाने पहुंचे अडानी**

गौतम अडानी संगम में डुबकी लगाने के लिए भी पहुंचे हैं। इसका भी वीडियो सामने आया है, जिसमें वह डुबकी लगाने के लिए जाते हुए दिख रहे हैं।

बता दें कि इससे पहले इंफोसिस ग्रुप के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति पहले ही महाकुंभ मेले में पहुंच चुकी हैं। सुधा मूर्ति परेड मैदान में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए महाराजा टेंट में ठहरी हुई हैं। बता दें कि महाकुंभ में अबतक 8 करोड़ 30 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

CMYK

# 10 लाख टन चीनी निर्यात को मिली मंजूरी

## किसान परिवारों को होगा फायदा

**नई दिल्ली.**

भारत सरकार ने इंडियन शुगर एंड बायोफ्यूल एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इस्मा) और राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ के आग्रह पर 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। यह कदम देश के घरेलू बाजार में चीनी की गिरती कीमतों को स्थिर करने और चीनी मिलों को आर्थिक सहारा प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। चीनी उद्योग वर्तमान में सीमित स्टॉक की स्थिति का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, सरकार ने इस निर्यात को इसलिए अनुमति दी है ताकि मिलें गन्ना किसानों का भुगतान समय पर कर सकें। यह कदम न केवल किसानों के लिए राहत साबित होगा बल्कि मिलों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा का अवसर भी देगा। इस्मा के अनुसार, चालू चीनी सीजन (जो अक्टूबर से शुरू होकर अगले साल सितंबर तक चलता है) में भारत का चीनी उत्पादन 320 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है।

यह उत्पादन पिछले साल के 300.77 लाख टन के आंकड़े से अधिक है। इस उत्पादन में से 28.5-29 मिलियन टन घरेलू खपत के लिए और लगभग 4 मिलियन टन इथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग होने की संभावना है। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत की उपस्थिति बनाए रखने और घरेलू उद्योग को आर्थिक मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा.



### भारत का वैश्विक चीनी निर्यात में दूसरा स्थान

❑ भारत, ब्राजील के बाद, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और निर्यातक देश है। औसतन, भारत हर साल 68 लाख टन चीनी का निर्यात करता है। हालांकि, इस साल के शुरुआत में, चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था ताकि घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा सके। अब, सरकार ने सीमित मात्रा में निर्यात की अनुमति देकर संतुलन साधने का प्रयास किया है।

# फलोदी सट्टा बाजार पर भी सियासी दलों की नजर




**नई दिल्ली.**

फलोदी सट्टा बाजार सबसे ज्यादा अपने सटीक आकलन को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर फलोदी सट्टा बाजार में किसका भाव ज्यादा चल रहा है। किसका भाव कम इसकी चर्चा देश भर में हो रही है। हालांकि भारत में सट्टेबाजी अवैध है। इसलिए फलोदी का सट्टा बाजार रहस्यमयी तरीके से चलता है। सब कुछ गोपनीय तरीके से होता है। सट्टे का दायरा राजनीति, क्रिकेट, मौसम और अन्य घटनाओं तक फैला हुआ है। सट्टा बाजार की दरें हर घंटे बदल सकती हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि नए राजनीतिक समीकरण कैसे बन रहे हैं। यहां दो मुख्य शब्द प्रचलित हैं. 'खाना' और 'लगाना'।

'खाना' का मतलब उस पर दांव लगाना है जिसकी जीतने की संभावना कम है। 'लगाना' का मतलब मजबूत दावेदार पर दांव लगाना है। दरें इस आधार पर तय होती हैं कि किसी पार्टी या उम्मीदवार की जीत की संभावनाएं कितनी अधिक या कम हैं। अगर किसी पार्टी के ज्यादा सीटें जीतने की संभावना कम है, तो उस पर उच्च ऑड्स मिलते हैं, यानी अगर वह जीतती है तो बड़ा मुनाफा होगा। अगर किसी पार्टी की जीत तय मानी जा रही है, तो उस पर कम ऑड्स मिलते हैं, यानी मुनाफा कम होगा।

स्थानीय लोगों के लिए सट्टा लगाने के लिए पैसे पहले से जमा करने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि सट्टेबाज उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। बाहरी लोगों के लिए पहले नकद या डिजिटल माध्यम से पैसा जमा करना अनिवार्य होता है। अब लेन-देन का बड़ा हिस्सा मोबाइल वॉलेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए किया जाता है. फलोदी सट्टा बाजार में अलग-अलग राज्यों से जुड़े एजेंट होते हैं, जो स्थानीय राजनीति, जातीय समीकरण और जनभावनाओं की जानकारी देते हैं। हर सुबह 10 बजे बाजार खुलता है, और शाम 5 बजे तक करोड़ों का सट्टा लगाया जा चुका होता है।

लोग फोन पर ही दांव लगाते हैं, और अगर वे जीतते हैं तो भुगतान मोबाइल वॉलेट या अन्य माध्यमों से किया जाता है। इस बाजार में राजनेताओं, विधायकों, सांसदों और यहां तक कि मंत्रियों तक की दिलचस्पी रहती है, क्योंकि यह एक वैकल्पिक जनमत सर्वेक्षण की तरह काम करता है। इस बाजार की सटीकता का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह मीडिया रिपोर्ट्स, स्थानीय लोगों की राय और एजेंटों की जानकारी पर निर्भर करता है। कई बार इसकी भविष्यवाणियां सही साबित हुई हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता बढ़ी है। फलोदी सट्टा बाजार चुनावी नतीजों की भविष्यवाणी के लिए एक अनौपचारिक लेकिन चर्चित माध्यम बन चुका है। हालांकि यह अवैध है, फिर भी यह भारतीय राजनीति के अंदरूनी समीकरणों को समझने का एक रोचक जरिया बना हुआ है।

## ट्रंप की टैरिफ घोषणा से बाजार में गिरावट

**नई दिल्ली.** घरेलू शेयर मार्केट में भारी गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पदभार ग्रहण करने के बाद कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इससे निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। बीएसई सेंसेक्स में 1300 अंक से अधिक गिरावट आई जबकि निफ्टी 50 भी 23,000 अंक से नीचे आ गया। सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो सबसे ज्यादा 11 फीसदी गिरावट आई। दिसंबर तिमाही में कंपनी के कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 57% की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में काफी गिरावट आई। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 7.55 लाख करोड़ रुपये घटकर 425.35 लाख करोड़ रुपये रह गया। दोपहर बाद 2.50 बजे सेंसेक्स 1257.54 अंक यानी 1.63% गिरावट के साथ 75,858.02 अंक पर ट्रेड कर रहा था जबकि निफ्टी 333.60 अंक यानी 1.43% गिरावट के साथ 23,011.15 पर आ गया। व्यक्तिगत शेयरों में डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद 8.5% की गिरावट दर्ज की। सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, मेटल, फार्मा, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस में 0.4% से 1% की वृद्धि हुई। अमेरिकी बाजार सोमवार बंद थे, इसलिए ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने की पहली प्रतिक्रिया मंगलवार को एशियाई मार्केट में महसूस की गई। जानकारों का कहना है कि ट्रंप 2.0 की शुरुआत में आर्थिक फैसलों पर ज्यादा स्पष्टता नहीं दिखी। अपने भाषण में उन्होंने एमिग्रेशन पर चीजें स्पष्ट की लेकिन टैरिफ पर तस्वीर साफ नहीं हुई। कनाडा और मैक्सिको पर संभावित 25% टैरिफ के संकेत से पता चलता है कि टैरिफ बढ़ोतरी नीति को धीरे-धीरे लागू किया जाएगा। संभावना है कि टैरिफ बढ़ोतरी में और देरी से डॉलर कमजोर होगा और बॉन्ड यील्ड में कमी आएगी।

# महिला किसानों ने मिलकर बनाया 'मिलेट सिस्टर्स नेटवर्क'

**नई दिल्ली.**

देशभर की महिला किसानों ने मिलकर 'मिलेट सिस्टर्स नेटवर्क' बनाया है। यह नेटवर्क मिलेट्स (बाजरा) की खेती के जरिये महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रहा है। इस नेटवर्क की संस्थापक सरस्वती मल्लुवलासा हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश से इसकी शुरुआत की। नेटवर्क में लगभग 2,000 महिला किसान शामिल हैं।

ये महिलाएं जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से जूझते हुए मिलेट की खेती के जरिए नया जीवन ढूंढ रही हैं। उन्होंने 'मिलेट सीजन' की शुरुआत की है। यह नेटवर्क अब 15 राज्यों में फैल गया है। इसमें ओडिशा का 'निर्माण', डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी और तेलंगाना का 'पिलुपु' जैसे संगठन शामिल हैं। मिलेट सिस्टर्स नेटवर्क महिलाओं के लिए बेहतर दाम, सब्सिडी और महिला बैंक जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। विशाखापत्तनम में उन्होंने एक पूरी तरह से महिला पंचायत भी स्थापित की है। इस नेटवर्क को सीईडब्ल्यू ने सम्मानित किया है।

सरस्वती मल्लुवलासा ने महिलाओं से बातचीत के बाद यह नेटवर्क शुरू किया। उन्होंने पाया कि मलिट, बीज और पैसों पर पुरुषों का ज्यादा नियंत्रण होता है। सरकारी योजनाओं में भी महिलाओं को किसान के रूप में मान्यता नहीं मिलती। मल्लुवलासा और दूसरी महिलाएं घर-घर जाकर मिलेट्स के बारे में बात करने लगीं।

इससे महिला किसानों को आय का एक जरिया और बेहतर पोषण मिला। साथ ही, इससे पर्यावरण को भी फायदा हुआ। मल्लुवलासा बताती हैं, 'जब हमने नेटवर्क शुरू किया, तब हम जलवायु परिवर्तन पर बात करते थे। लेकिन, अब हम इसके बुरे प्रभाव झेल रहे हैं। बारिश का मौसम लगभग गायब हो गया है। चक्रवातों के कारण बेमौसम बारिश होती है और बाकी समय सूखा पड़ता है।'



### मिलेट अपनाने के लिए किया जागरूक

❑ इस समस्या से निपटने के लिए मिलेट सिस्टर्स ने 'मिलेट सीजन' की शुरुआत की। यह खरीफ और रबी के बाद का एक छोटा खेती का चक्र होता है। इससे वे मौसम की मार से बच जाती हैं और कुपोषण से भी लड़ पाती हैं। जब उन्हें इस तरीके से सफलता मिलने लगी तो मल्लुवलासा और दूसरी महिलाओं ने दूसरे राज्यों के किसानों और एनजीओ से बात की। इस तरह उनका नेटवर्क आंध्र प्रदेश के बाहर भी फैल गया। आज मिलेट सिस्टर्स नेटवर्क में 15 राज्यों की छोटी महिला किसान शामिल हैं।

# टैरिफ बढ़ाने की तैयारी में टेलिकॉम कंपनी

**नई दिल्ली.**



देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो आने वाले दिनों में टैरिफ बढ़ाने की तैयारी में है। हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कंपनी अगले फाइनेंशियल ईयर में आईपीओ से पहले टैरिफ बढ़ा सकती है। कंपनी ने पिछले साल जून में टैरिफ में 25 फीसदी इजाफा किया था। इसे लिस्टिंग से पहले 5जी सर्विसेज को मॉनीटाइज करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि रिलायंस जियो का आईपीओ इस फाइनेंशियल ईयर में आ सकता है। उससे पहले कंपनी अपना एवरेज रेवेन्यू पर यूजर बढ़ाना चाहती है। कंपनी के करीब 48 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। हालांकि सूत्रों ने कहा कि रिलायंस जियो इस बार टैरिफ में पिछली बार की तरह बड़ी बढ़ोतरी नहीं करेगी। यह बढ़ोतरी केवल प्रीमियम कैटगरी तक ही सीमित रह सकती है ताकि कंपनी का सब्सक्राइबर बेस प्रभावित न हो। पिछले साल जून में टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद दूसरी तिमाही में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या में गिरावट आई थी जबकि तीसरी तिमाही में 13 लाख सब्सक्राइबर बढ़े। दिसंबर तिमाही में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या 48.2 करोड़ थी। इससे पहले खबर आई थी कि रिलायंस जियो के आईपीओ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कंपनी का आईपीओ 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक इसमें ऑफर ऑफ सेल के साथ-साथ ताजा शेयर भी जारी किए जाएंगे। यह आईपीओ साल की दूसरी छमाही में आ सकता है। कंपनी में विदेशी निवेशकों की 33% हिस्सेदारी है। रिलायंस ने साल 2020 में अबू धाबी इनवेस्टमेंट फंड, केकेआर, मुबादला और सिल्वर लेक जैसे विदेशी फंड्स से 18 अरब डॉलर जुटाए थे। कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है। लेकिन कंपनी की नजर 120 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर है।

# छोटे कारोबारियों के लिए मैन्यूफैक्चरिंग चुनौतीपूर्ण: नागेश्वरन

**नई दिल्ली.** देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कहना है कि जमीन के इस्तेमाल में आवश्यकता से अधिक नियम-कानून हैं। इसी वजह से भारत में छोटे और मंझोले कारोबारियों के लिए मैन्यूफैक्चरिंग को मुश्किल बना रहे हैं। उन्होंने नियमों में बड़े बदलाव की वकालत की है। एक्ज़िम बैंक के एक कार्यक्रम में सोमवार को नागेश्वरन ने बड़ी कंपनियों द्वारा छोटी संस्थाओं, जिनमें कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता भी शामिल हैं, को समय पर भुगतान करने की सरकारी नीति के विरोध पर भी ध्यान दिलाया। नागेश्वरन ने कहा, "देखिए इस देश में अभी भी कैसा व्यवहारिक विरोध चल रहा है, जहां बड़े उद्यम अभी भी सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अपने लिए कार्यशील पूंजी के स्रोत के रूप में देखते हैं, बजाय इसके कि वे सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी का स्रोत बनें। उन्होंने यह भी कहा, "इस देश में अभी भी कैसा व्यवहारिक विरोध चल रहा है। यहां बड़ी कंपनियां छोटी कंपनियों को अपने लिए वर्किंग कैपिटल का सोर्स समझती हैं। उल्टा होना चाहिए, बड़ी कंपनियां छोटी कंपनियों के लिए वर्किंग कैपिटल का सोर्स बनें।" सीईए ने दोहराया कि ज़मीन के इस्तेमाल सहित नियमों में ढील, 31 जनवरी को पेश किए जाने वाले अगले आर्थिक सर्वेक्षण में प्रमुखता से शामिल होगी। उन्होंने कहा कि एसएमबी ज़मीन के भूतल के 20-30% हिस्से का भी इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। इससे पता चलता है कि नियम भारत में ज़मीन के अधिक या सही इस्तेमाल ऑप्टीमल यूज़ के खिलाफ हैं। चूंकि वैश्वीकरण पहले की तुलना में धीमी गति से बढ़ने की उम्मीद है, "कृषि और खाद्य सुरक्षा महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं, और कृषि निर्यात भारत के लिए एक आर्थिक अनिवार्यता और एक भू-रणनीतिक अनिवार्यता दोनों होगी।" मतलब, दुनिया भर में व्यापार पहले जितनी तेज़ी से नहीं बढ़ेगा। इसलिए खेती और खाना हमारे लिए ज़्यादा ज़रूरी हो जाएंगे। खेती से जुड़ा निर्यात देश की आर्थिक और सामरिक ज़रूरत बन जाएगा। छोटी कंपनियों को ज़मीन के इस्तेमाल में भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो उन्हें ग्राउंड फ्लोर का 20-30% भी इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं मिलती। ये नियम ज़मीन के सही इस्तेमाल में रुकावट डालते हैं। सरकार को इन नियमों को आसान बनाने की ज़रूरत है। बड़ी कंपनियों को भी छोटी कंपनियों के साथ बेहतर व्यवहार करना चाहिए। उन्हें छोटी कंपनियों को अपने लिए फंडिंग का ज़रिया नहीं बनाना चाहिए। बल्कि छोटी कंपनियों को आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए।



# प्राइवेट कंपनियों को भी देनी होगी वैकेंसी की जानकारी

**नई दिल्ली.** सरकार रोजगार के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने की तैयारी में है। इसके तहत निजी कंपनियों के सभी विभागों में वैकेंसीज के बारे में अनिवार्य रूप से सरकार को जानकारी देनी होगी। यह एम्प्लॉमेंट रेगुलेशन में बदलाव का संकेत है। सरकार एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंजेज (कंपलसरी नोटिफिकेशन ऑफ वैकेंसीज) एक्ट, 1959 की जगह नया सोशल सिक्योरिटी एक्ट लाने की योजना बना रही है। इसका मकसद वैकेंसीज के बारे में सूचना प्रसारित करने के लिए तंत्र को औपचारिक रूप देना है। इसका पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार इसके लिए जुर्माना बढ़ाना चाहती है।

पहले यह 100 रुपये हुआ करता था जिसे बढ़ाकर 50,000 रुपये तक किया जा सकता है। महाराष्ट्र के कौशल शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता राज्य मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा, 'हमारे पास रोजगार कार्यालय हैं, लेकिन वे निष्क्रिय हो गए हैं। कानून में बदलाव के साथ हम उन्हें रिवाइव और मजबूत करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कंपनियां सरकार को वैकेंसीज के बारे में जानकारी दें।' लोढ़ा ने सोमवार को कहा कि 100-500 रुपये के मामूली जुर्माने ने कंपनियों को वैकेंसीज के बारे में जानकारी देने से हतोत्साहित किया है। लेकिन संशोधित कानून से यह पूरा मामला बदल जाएगा। सीआईआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सौगत रॉयचौधरी ने कहा कि रिक्तियों को अधिसूचित करने का प्रावधान पहले से ही है। यह नया प्रस्ताव हर राज्य में नौकरियों की संख्या को समझने में मदद करेगा।

## सीमेंट, आटे को भी हलाल सर्टिफिकेशन की जरूरत

**नई दिल्ली.** हलाल सर्टिफिकेशन वाले फूड प्रोडक्ट के निर्माण, बिक्री और वितरण पर बैन लगाने को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। हलाल सर्टिफिकेशन का मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को यूपी सरकार ने अदालत को बताया कि सीमेंट, लोहे की छड़, बोतलों सहित विभिन्न प्रोडक्ट्स के लिए सर्टिफिकेशन देकर कुछ लाख करोड़ रुपये एकत्र किए जा रहे हैं। सरकार का कहना था कि इससे सामान की कीमतें बढ़ रही हैं।

वहीं, सरकार ने इस मामले में कोर्ट में सवाल किया कि क्या सीमेंट और आटे को भी हलाल सर्टिफिकेशन की जरूरत है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह मांस के अलावा अन्य उत्पादों को हलाल के रूप में प्रमाणित देखकर 'स्तब्ध' हैं। इसके जरिये यह प्रमाणित किया जा रहा है कि ये प्रोडक्ट इस्लामी कानून की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। तुषार मेहता राज्य के भीतर हलाल-सर्टिफिकेशन पर यूपी सरकार की तरफ से लगाए गए.

# केंद्रीय बजट 2025 में एजीआर छूट की उम्मीद



**नई दिल्ली.**

देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियों में से एक, वोडाफोन आईडिया, पिछले कुछ समय से वित्तीय संकट का सामना कर रही है। लेकिन, केंद्रीय बजट 2025 में एजीआर (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) की छूट मिलने की संभावना ने निवेशकों के बीच उम्मीदों का नया संचार किया है। यह छूट वोडाफोन आईडिया के लिए एक बड़ा राहत पैकेज हो सकता है, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार आने की संभावना है। वहीं, आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने अपने ताजे नोट में वोडाफोन आईडिया के शेयर का नया लक्ष्य मूल्य ₹10 निर्धारित किया है, जो संभावित एजीआर राहत के बाद के अनुमान पर आधारित है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने अपने विश्लेषण में कहा है कि सरकार एजीआर बकाए पर आंशिक छूट देने पर विचार कर रही है, जिससे भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के बकाए में क्रमशः ₹38,000 करोड़ और ₹32,000 करोड़ की कमी आ सकती है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, इस राहत की घोषणा 1 फरवरी को केंद्रीय बजट में की जा सकती है। अगर ऐसा होता है, तो आईआईएफएल सिक्योरिटीज का अनुमान है कि भारती एयरटेल, वोडाफोन आईडिया और भारती हेक्साकॉम के लिए शेयर की कीमतों में क्रमशः ₹62, ₹7 और ₹29 का सुधार हो सकता है।

वोडाफोन आईडिया के लिए यह राहत पैकेज खासा मायने रखता है। आईआईएफएल ने कहा कि सरकार की एजीआर बकाए पर छूट के साथ-साथ बैंक गारंटी में दी गई छूट वोडाफोन आईडिया के लिए ₹25,000 करोड़ के कर्ज जुटाने और ₹30,000-₹35,000 करोड़ के कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) कार्यक्रम को FY27 तक पूरा करने के अवसर को और उज्जवल बना सकती है। आईआईएफएल ने भारती एयरटेल के लिए अपने लक्ष्य मूल्य को 16 गुणा किया है, और इसके अनुसार मार्च 2026 तक इसकी उचित कीमत ₹10 प्रति शेयर है। आईआईएफएल ने भारती एयरटेल, इंडस टावर्स और भारती हेक्साकॉम को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखा है।

# सेबी का नया प्लेटफॉर्म लॉन्च करने पर विचार

**नई दिल्ली.** भारतीय पूंजी बाजार के नियामक सेबी एक ऐसी नई व्यवस्था पर विचार कर रहा है, जिससे शेयरों की लिस्टिंग से पहले ही उन्हें खरीदा या बेचा जा सके. यह कदम निवेशकों को एक सुरक्षित और विनियमित प्लेटफॉर्म पर शेयर ट्रेडिंग की सुविधा देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है. सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने 21 जनवरी को एक कार्यक्रम में इस बारे में जानकारी दी. मनीकंट्रोल की एक खबर के अनुसार, माधबी पुरी बुच ने कहा कि जब शेयर निवेशकों को अलॉट हो जाते हैं, लेकिन वे अभी स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं हुए होते, उस दौरान अक्सर ग्रे मार्केट में उनका व्यापार होता है.


निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **महाराष्ट्र सह्याद्री** • धनलक्ष्मी विकली लॉटरी • — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 03 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 20/01/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SL-07 : 4533 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | |
|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1040 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा) | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1190 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर) | 3813 | 5818 |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1014 | 1865 | 3331 | 4434 | 5323 |
| 1064 | 2275 | 3396 | 4449 | 5490 |
| 1077 | 2402 | 3423 | 4569 | 5565 |
| 1166 | 2488 | 3636 | 4641 | 5577 |
| 1222 | 2495 | 3892 | 4657 | 5665 |
| 1298 | 2508 | 4012 | 4759 | 5675 |
| 1601 | 2699 | 4077 | 4895 | 5694 |
| 1612 | 3319 | 4411 | 4972 | 5868 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख ✶ ( रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे ) ✶ — तिकीट किंमत ₹20/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री धनलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — **महाराष्ट्र गजलक्ष्मी** मंगल विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 03 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 21/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 5020 | 4587 | 0724 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) | 4743 | 1196 (पवार लॉटरी - ठाणे) |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 9158 | | | | | 9759 | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1064 (स्टार लॉटरी - अलिबाग) | | 5546 | | 7285 | | 8714 | | 9853 | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1464 | 1906 | 2220 | 3002 | 4807 | 6645 | 7341 | 7499 | 8068 | 9279 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0384 | 0983 | 1003 | 2671 | 3625 | 6564 | 7091 | 7701 | 8048 | 8067 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0850 | 2227 | 3038 | 4158 | 5035 | 5680 | 6446 | 7287 | 8048 | 8945 |
| | 0906 | 2237 | 3055 | 4162 | 5052 | 5730 | 6453 | 7375 | 8059 | 9103 |
| 0013 | 0930 | 2250 | 3093 | 4181 | 5174 | 5735 | 6466 | 7543 | 8082 | 9119 |
| 0015 | 0953 | 2271 | 3105 | 4244 | 5255 | 5747 | 6473 | 7550 | 8163 | 9366 |
| 0029 | 1061 | 2283 | 3177 | 4295 | 5301 | 5759 | 6644 | 7554 | 8186 | 9378 |
| 0045 | 1208 | 2327 | 3203 | 4323 | 5340 | 5805 | 6801 | 7573 | 8371 | 9392 |
| 0058 | 1248 | 2450 | 3235 | 4324 | 5353 | 5875 | 6824 | 7587 | 8381 | 9393 |
| 0073 | 1383 | 2545 | 3314 | 4367 | 5437 | 5931 | 6843 | 7619 | 8383 | 9499 |
| 0158 | 1410 | 2561 | 3431 | 4432 | 5450 | 5981 | 6909 | 7718 | 8387 | 9527 |
| 0300 | 1575 | 2585 | 3452 | 4459 | 5505 | 6064 | 6949 | 7727 | 8388 | 9590 |
| 0310 | 1718 | 2608 | 3474 | 4480 | 5510 | 6141 | 6969 | 7730 | 8474 | 9600 |
| 0319 | 1801 | 2627 | 3532 | 4543 | 5519 | 6146 | 7062 | 7737 | 8484 | 9666 |
| 0361 | 1889 | 2687 | 3579 | 4610 | 5539 | 6166 | 7067 | 7747 | 8510 | 9680 |
| 0523 | 1904 | 2712 | 3594 | 4626 | 5550 | 6213 | 7079 | 7759 | 8569 | 9696 |
| 0639 | 1964 | 2731 | 3602 | 4708 | 5572 | 6215 | 7090 | 7816 | 8651 | 9725 |
| 0706 | 1982 | 2837 | 3832 | 4840 | 5575 | 6219 | 7104 | 7837 | 8709 | 9809 |
| 0709 | 2018 | 2942 | 3987 | 4895 | 5576 | 6267 | 7177 | 7897 | 8785 | 9922 |
| 0790 | 2112 | 2952 | 3989 | 4933 | 5588 | 6268 | 7184 | 7967 | 8879 | 9939 |
| 0804 | 2225 | 3017 | 4078 | 4995 | 5625 | 6296 | 7204 | 8016 | 8930 | 9966 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख ✶ ( रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे ) ✶ — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 21/01/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# 13 सरपंचों और 418 ग्राम पंचायत सदस्यों की सदस्यता रद्द

**बीड़.**

मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या ने बीड जिले को डेढ़ महीने तक चर्चा का विषय बना दिया है. ऐसे में अब बीड जिला कलेक्टर की कार्रवाई से राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गई है. कलेक्टर अविनाश पाठक ने 13 सरपंचों और 418 ग्राम पंचायत सदस्यों की सदस्यता रद्द कर दी है. यह कार्रवाई जाति वैधता प्रमाणपत्र समय पर जमा नहीं करने के कारण की गयी है. इस संबंध में 20 जनवरी को आदेश पारित किया गया है.




इसने अब 7 तालुकाओं के 418 सदस्यों की सदस्यता और 13 सरपंचों की सदस्यता भी रद्द कर दी है। इस आदेश से राजनीतिक क्षेत्र में हलचल मच गई है.

**क्या है नियम?**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को चुनाव की तारीख से 12 महीने की अवधि के भीतर जाति प्रमाण पत्र और वैधता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। हालाँकि, 2020 के बाद से आयोजित ग्राम पंचायत सामान्य और उप-चुनाव में आरक्षित श्रेणी से चुने गए कई सरपंचों और ग्राम पंचायत सदस्यों ने निर्धारित अवधि के भीतर अपना जाति वैधता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। इसके चलते कलेक्टर अविनाश पाठक ने 418 ग्राम पंचायत सदस्यों और 13 सरपंच सदस्यों को निरस्त कर दिया है। इस कार्रवाई से प्रभावित सदस्य इस फैसले के खिलाफ अपील करने की तैयारी में जुट गये हैं.

### कार्रवाई करने वाले सरपंचों के नाम

कलेक्टर अविनाश पाठक ने कहा आष्टी, अंबाजोगाई, वडवानी, पटोदा, माजलगांव, केज और धारूर तालुका के 413 ग्राम पंचायत सदस्यों और 13 सरपंच सदस्यों को रद्द कर दिया है। इसमें घगरवाड़ा के गोपाल मारोती वेताल, पांगरी की सुनीता कालिदास डोरले, कोलपिंपरी के अशोक अर्जुनराव यादव, मिंडवाडी के आकाश बंडू मस्के, गंजपुर की कस्तूरबाई साला पवार, खराट अडगांव की अनुसया मधुकर आढाव की सदस्यता रद्द कर दी गई है।

## शिवसेना के बाद अब एनसीपी में खींचतान

**मुंबई.** शिवसेना के बाद अब पार्टी में पालकमंत्री पद को लेकर भी खींचतान देखने को मिल रही है. एनसीपी के 10 में से 8 मंत्रियों को अपना जिला नहीं मिला है. परिणामस्वरूप, मंत्री के सामने यह प्रश्न है कि प्राप्त जिलों का प्रशासन कैसे किया जाए। पार्टी अध्यक्ष ने अपने लिए सोचा, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने बेटी के लिए सोचा। लेकिन बाकी मंत्रियों का क्या? एनसीपी के मंत्री निजी तौर पर पूछ रहे हैं कि उनके बारे में कौन सोचेगा? इसलिए सेना के बाद अब एनसीपी में गिरावट देखने को मिल रही है. एनसीपी के 10 में से 8 मंत्रियों को अपने जिले का पालकमंत्री नहीं मिला है. बीजेपी के 20 में से 7 और शिवसेना के 12 में से 7 मंत्रियों को अपने-अपने जिले का पालकमंत्री पद मिला है. इसलिए, यह तस्वीर है कि पालक मंत्रियों के पोर्टफोलियो को आवंटित करने में एनसीपी को सबसे ज्यादा समझौता करना पड़ा।



इसी वजह से मंत्रियों में नाराजगी का माहौल है. मंत्रियों की नाराजगी उप मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष अजित पवार, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरें पर है. पालकमंत्री आवंटन में अजित पवार को पुणे जिला मिला है. जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे की बेटी अदिति तटकरे को रायगढ़ जिला मिला है। लेकिन शिवसेना के विरोध के चलते तटकरेन की नियुक्ति रोक दी गई है. अजित पवार, अदिति तटकरे को छोड़कर एनसीपी के किसी भी अन्य मंत्री को स्वजिला नहीं मिला है। इसलिए मंत्रियों में नाराजगी है. यदि किसी मंत्री को अपने ही जिले का पालकमंत्री मिल जाए तो काम करना आसान हो जाता है। लेकिन कई जिलों में कोई मंत्री नहीं है, कुछ जिलों में कई मंत्री हैं। इसके चलते कई मंत्रियों को अपने जिले के पालक मंत्री का पद नहीं मिल पाया है. सबसे ज्यादा नुकसान एनसीपी को हुआ है. आज पार्टी के मंत्री देवगिरी बंगले पर साप्ताहिक बैठक कर रहे हैं. इन सबका असर हो सकता है. कांग्रेस नेता और एनसीपी के मंत्री हसन मुश्रीफ कोल्हापुर से हैं. उसे वाशिम का पालकमंत्री प्राप्त है। दोनों जिलों के बीच की दूरी करीब 625 किमी है. नासिक के माणिकराव कोकाटे को नंदुरबार का पालकमंत्री पद मिला है। दोनों जिलों के बीच की दूरी 524 किमी है. सतारा के मकरंद पाटिल को बुलढाणा का पालकमंत्री दिया गया है। दोनों जिले एक दूसरे से 440 किमी दूर हैं। एनसीपी के मंत्री सवाल पूछ रहे हैं कि निर्वाचन क्षेत्र में कब काम करना है, मुंबई कब जाना है और उन जिलों में कब जाना है जहां पालकमंत्री प्रदान की गई है।




## कंटेनर ने ऑटो को उड़ाया; 3 की मौत, 2 गंभीर

**नासिक.**

नासिक के घोटी-सिन्नार हाईवे पर सोमवार आधी रात को ओवरटेक करते वक्त एक कंटेनर ने ऑटो रिक्शा से टकराने की भीषण घटना में 4 साल की बच्ची समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

इस जानकारी के मुताबिक, हादसा सोमवार आधी रात को घोटी-सिन्नार हाईवे पर एसएमबीटी अस्पताल के पास हुआ. इस घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में रिक्शा चालक अमोल विनायक घुगे , स्वरा अमोल घुगे, मार्तंड पिराजी आव्हाड भी शामिल है. इनमें से स्वरा की उम्र महज 4 साल थी. माना जा रहा है कि वह ऑटो ड्राइवर अमोल की बेटी है। इस हादसे की जानकारी जैसे ही स्थानीय नागरिकों को मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे. उन्होंने हादसे की सूचना पुलिस को दी. इसके बाद तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

हादसा इतना भयानक था कि कंटेनर हादसे में ऑटो पूरी तरह से कुचल गया. पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है. हादसे के कारण इस मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात सेवाएं रोक दी गईं।

## कराड की संपत्ति मामले में बीजेपी नेता से पूछताछ

**पुणे.** बीड जिले के मासाजोग सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड और रंगदारी मामले के आरोपी मोक्का आरोपी वाल्मीक कराड की संपत्ति की सीआईडी ने अहम जांच शुरू कर दी है। जांच से पता चला कि कराड ने अपनी दूसरी पत्नी ज्योति जाधव के नाम पर पुणे के फर्ग्यूसन रोड पर एक बहुमंजिला इमारत में छह कार्यालय खरीदे थे।

इस मामले में सीआईडी ने पूर्व भाजपा पार्षद दत्ता खाड़े से पूछताछ की. संपत्ति की खरीद में हस्तक्षेप के संदेह में उन्हें बीड बुलाया गया और दो घंटे तक पूछताछ की गई। खाड़े से बिल्डरों के साथ मध्यस्थता, वित्तीय लेनदेन और संपत्ति खरीद में उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की गई।



**सिर्फ कराड से आमना-सामना**

दत्ता खाड़े ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनका वाल्मिक कराड से केवल मौखिक परिचय था, जो गोपीनाथ मुंडे के कार्यकाल के दौरान हुआ था. उन्होंने कराड की संपत्ति की खरीद में किसी भी भूमिका से इनकार किया है और आरोप लगाया है कि चुनाव से पहले उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल वाल्मिक कराड बीड जांच टीम की हिरासत में हैं और पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में उनकी संपत्तियों की गहन जांच की जा रही है.


**पुणे में करोड़ों की संपत्ति**

यह बात सामने आई है कि वाल्मिक कराड की दूसरी पत्नी के दो बच्चे हैं और उन्होंने उनके नाम पर पुणे में संपत्ति खरीदी है। एक मराठी न्यूज चैनल ने बताया कि ज्योति जाधव नाम की महिला के नाम पर 3 और फ्लैट हैं दिया हुआ है इस बीच, पुणे के हडपसर में एमेनोरा पार्क टाउनशिप के सेक्टर आर 21, टॉवर 33 में एक और आर 21, टॉवर 33, 8 में एक और फ्लैट और खराडी के साथ ज्योति मंगल जाधव के नाम पर एक और फ्लैट एबीपी माझा द्वारा रिपोर्ट किया गया है।

यह पता चला है कि वाल्मिक कराड ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज रोड पर एक इमारत में कार्यालय की जगह ली है। पता चला है कि वाल्मिक ने यह निवेश एक महिला के नाम पर किया था और इस महिला का नाम ज्योति जाधव है. कुशल वॉल स्ट्रीट, फर्ग्यूसन कॉलेज रोड पर एक इमारत निर्माणाधीन है। उस जगह पर काम शुरू होते ही वाल्मीक कराड ने यहां निवेश कर दिया. इस बिल्डिंग में ऑफिस नंबर 610 सी एक अपार्टमेंट है और इसमें 45.71 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का आलीशान ऑफिस है। खास बात यह है कि इस ऑफिस में बालकनी है और पार्किंग के लिए जगह भी दी गई है। वाल्मिक का दूसरा ऑफिस अपार्टमेंट नंबर 611बी में है और इसका कारपेट एरिया 54.51 वर्ग मीटर है. इसमें बालकनी और पार्किंग की सुविधा भी है।

## मराठवाड़ा से महाकुंभ मेले के लिए 12 विशेष ट्रेनें

**जालना.** हिंदू धर्म में पवित्र माना जाने वाला महाकुंभ 144 साल बाद प्रयागराज में हो रहा है. इस मेले में भाग लेने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु प्रयागराज आते हैं। भारतीय रेलवे ने मराठवाड़ा के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की पहल की है. मराठवाड़ा से प्रयागराज तक 12 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी. इस संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव से मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों ने करोड़ों श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए सख्त योजना बनाई है. प्रयागराज में देशभर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेलगाड़ियों की भी व्यवस्था की गई है. साथ ही मराठवाड़ा के श्रद्धालु भी महाकुंभ उत्सव में शामिल हो सकें, इसलिए रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है. श्रद्धालुओं के लिए जरूरी खबर, 22 जनवरी से 22 फरवरी तक 4 दिनों के लिए मराठवाड़ा से रेलवे ट्रेनें चलेंगी. यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए रेलवे विभाग द्वारा अग्रिम आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है. इस सुविधा के कारण, भक्तों की यात्रा सुगम होगी और भक्तों से अनुरोध है कि वे योजना बनाएं और सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं: 22



जनवरी: नांदेड़ से पटना के लिए रात 11 बजे प्रस्थान करेगी 25: काचीगुड़ा से पटना होते हुए नांदेड़ के लिए ट्रेन शाम 4.45 बजे खुलेगी. यह ट्रेन शाम 5 बजे नांदेड़ से सिकंदराबाद होते हुए पटना जाएगी फरवरी नांदेड़-पटना ट्रेन नांदेड़ से रात 11 बजे रवाना होगी 19 फरवरी: छत्रपति संभाजीनगर-पटना ट्रेन छत्रपति संभाजीनगर से शाम 7 बजे रवाना होगी. 22 फरवरी: काचीगुड़ा से पटना के लिए नांदेड़ ट्रेन शाम 4.45 बजे काचीगुड़ा से रवाना होगी. 25 फरवरी: छत्रपति संभाजीनगर-पटना. 24 जनवरी: पटना से नांदेड़ के लिए दोपहर 3.30 बजे. 27 जनवरी: नांदेड़ ट्रेन सुबह 11.30 बजे फरवरी: पटना से सिकंदराबाद वाया नांदेड़ ट्रेन दोपहर 3.30 बजे पटना से प्रस्थान 15 फरवरी: पटना से नांदेड ट्रेन दोपहर 3.30 बजे पटना से प्रस्थान करती है। और 17 तारीख को शाम 4.30 बजे नांदेड़ से 21 फरवरी: पटना से छत्रपती संभाजीनगर दोपहर 3.30 बजे 24 फरवरी: नांदेड़ ट्रेन पटना से काचीगुड़ा होते हुए सुबह 11.30 बजे। 27 फरवरी: पटना से छत्रपती संभाजीनगर दोपहर 3.30 बजे.

## शिंदे सेना का स्पीडब्रेकर अब गिरीश महाजन की राह में!

**मुंबई.** जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन इनकेनासिक के पालकमंत्री की नियुक्ति पर लगी रोक. अब नासिक के पालक मंत्री पद के लिए शिंदे पार्टी शिव सेना की उम्मीदें बढ़ गई हैं. पार्टी नेताओं ने सीधे तौर पर इसकी मांग की है.

नासिक के पालकमंत्री कौन हैं? इसे लेकर पिछले एक महीने से तरह-तरह की दलीलें दी जा रही थीं. इसके बाद, भाजपा नेता और जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन को नासिक का पालकमंत्री नियुक्त किया गया। लेकिन इस नियुक्ति से महागठबंधन में विवाद छिड़ गया है.



इस संबंध में, पालकमंत्री पद की नियुक्ति स्थगित कर दी गई है। तो अब शिवसेना एकनाथ शिंदे पार्टी के नेताओं ने सीधे तौर पर अपनी उम्मीदें जाहिर कर दी हैं. भारतीय जनता पार्टी और शिव सेना शिंदे गुट इस मुद्दे से अच्छी तरह वाकिफ हैं

इस संबंध में शिवसेना सचिव भाऊसाहेब चौधरी ने सीधे तौर पर पार्टी की स्थिति बताई है. दादा भुसे जिले के वरिष्ठ मंत्री हैं. उनके पास विभिन्न कार्यों का लंबा अनुभव है. इसलिए, शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उम्मीद है कि उन्हें पालक मंत्री होना चाहिए।

रायगढ़ जिले के पालकमंत्री का पद भी शिवसेना को मिलना चाहिए. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए महायुति के नेताओं से बातचीत की है कि हम इस पर कायम हैं. हमें विश्वास है कि आने वाले हफ्तों में अपेक्षित नियुक्तियाँ की जाएंगी।

### न्यायिक हिरासत में बंद महिला दोषी ने फांसी लगा ली

**धुले.** आज एक घटना घटी है जहां एक शिक्षक से फिरौती मांगने के मामले में न्यायिक हिरासत में बंद महिला दोषी ने फांसी लगा ली. इस घटना से हड़कंप मच गया है और अब जेलों में महिला न्याय प्रतिबंध और अन्य न्याय प्रतिबंधों की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है. धुले जिले के बाहर तैनात एक शिक्षक से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है. इस मामले में पुलिस ने चंदामा बैरागी (उम्र 20) नाम की लड़की को गिरफ्तार किया है.

## बंद हो जाएगी एक रुपये वाली फसल बीमा योजना?

**मुंबई.**

तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में किसानों के लिए एक रुपये की फसल बीमा योजना शुरू की गई थी. हालांकि आरोप है कि इस योजना में राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है. इस संबंध में जांच के लिए कृषि आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति ने भी योजना में बदलाव के संबंध में राज्य सरकार को सिफारिशें की हैं.

राज्य में शिवसेना-बीजेपी सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक रुपये की फसल बीमा योजना शुरू की गई थी. इस योजना की घोषणा बजट 2023-24 में की गई थी और इसका कार्यान्वयन भी शुरू कर दिया गया था। योजना को व्यापक बनाने के लिए इसे व्यापक फसल बीमा योजना का नाम भी दिया गया। इस योजना के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री पिक बीमा योजना में किसानों के हिस्से का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा था। इसलिए, किसान केवल एक रुपये का भुगतान करके फसल बीमा के




पर गड़बड़ी हुई है. उन्होंने बीड और धाराशिव जिलों में भी कई मामले सामने लाए थे। इसमें आरोप लगाया गया था कि यह घोटाला सीएससी सेंटर से किया गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि वह सेंटर परली तालुका से था इतना ही नहीं, सुरेश धस ने आरोप लगाया कि मूल किसान के नाम पर दूसरे किसान ने फसल बीमा योजना के लिए आवेदन किया था. सुरेश धस ने आरोप लगाया था कि जल संसाधन विभाग, महावितरण, वन, ग्यारन भूमि, वन विभाग की जमीन पर भी फसल बीमा का भुगतान किया गया. इसलिए इन सभी मामलों में अब यह माना जा रहा है कि बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है.

### हालांकि दुर्व्यवहार हुआ, कार्रवाई भी हुई-कृषि मंत्री


कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा है कि इस योजना में कुछ गड़बड़ी हुई है. लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन पहले कुछ लोगों पर कार्रवाई की गयी है. कोकाटे ने यह भी बताया है कि अगर फसल बीमा योजना में बदलाव करना होगा तो उसका अध्ययन किया जाएगा और फिर मामला कैबिनेट में पेश किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर सभी फैसले कैबिनेट की बैठक में लिये जायेंगे.

## 'लाड़की बहिण' लाभ की वसूली की जाएगी: आदिती तटकरे

**मुंबई.**

राज्य में संपन्न परिवारों की कई महिलाओं ने गलत जानकारी देकर "लाड़की बहिन" योजना का लाभ उठाया है। लेकिन अब संभवत: उनसे दिया गया पैसा लौटाने का समय आ गया है। राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने इस पर बेहद स्पष्ट रुख अपनाया है. उन्होंने कहा कि गलत जानकारी देकर "मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन" योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं से योजना के तहत मिलने वाले पूरे लाभ की वसूली की जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान अदिति तटकरे ने "लाड़की बहिन" योजना पर अपना रुख स्पष्ट किया। इस समय कुछ महिलाओं ने गलत जानकारी देकर लड़की बहिन योजना का लाभ उठाया है, क्या सरकार इन महिलाओं को मिली धनराशि वापस लेगी या नहीं? सीधे पूछा. इस पर वह बोलीं, किसने कहा कि पैसा वापस नहीं लिया जाएगा। वह पैसा सरकारी मुद्रा के जरिये राज्य सरकार के



खजाने में आयेगा. राज्य सरकार के पास अपना खजाना है. हम उसके लिए वित्त योजना विभाग के संपर्क में हैं।'

बरामद धनराशि का उपयोग परोपकार, जनकल्याण कार्यों और विभिन्न योजनाओं में किया जाएगा। अन्य योजनाओं की तरह "लाड़की बहिन" योजना के तहत भी एक समान प्रणाली शुरू की जाएगी। इसके बाद जिन लोगों ने उसके जरिए गलत जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठाया है, उनका पैसा सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा.

**आवेदन का सत्यापन क्रॉस वेरिफिकेशन सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा**

प्रदेश की साढ़े चार हजार महिलाओं ने आगे आकर अपने आवेदन वापस ले लिये। लेकिन अभी भी कई महिलाएं गलत जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठा रही हैं. वे आगे आकर अपना आवेदन वापस नहीं लेतीं, क्या सरकार ऐसी महिलाओं से पैसा भी वसूलेगी इस पर अदिति तटकरे ने कहा, सरकार के पास अपना वेरिफिकेशन सिस्टम है. उसी के तहत हम परिवहन विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं. आय से अधिक इस योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं के आवेदन का सत्यापन क्रॉस वेरिफिकेशन सिस्टम से किया जाएगा।

सरकार सभी आवेदनों का सत्यापन करेगी. अब तक करीब 4500 महिलाएं आगे आकर अपना आवेदन वापस ले चुकी हैं। अदिति ने कहा, इसके अलावा हम अन्य प्रिय बहनों से भी अपील कर रहे हैं कि अगर उन्होंने इस तरह से गलत जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठाया है, तो उन्हें आगे आकर अपना आवेदन वापस ले लेना चाहिए।

### आज का राशिफल

**मेष**- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

**वृषभ**- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

**कर्क**- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

**सिंह**- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

**तुला**- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

**वृश्चिक**- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

**धनु**- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

**मकर**- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

**कुंभ**- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको अपने कामों में स्वच्छता से आगे बढ़ने की आवश्यकता है.

**मीन**- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.

## पालकमंत्री पद संभालने के लिए यह आपका घर नहीं: सुप्रिया सुळे

**मुंबई.**

शरद चंद्र पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना करते हुए कहा है, "अभिभावक मंत्री का पद संभालने के लिए यह आपका घर नहीं है।" आरोप लगाया जा रहा है कि संरक्षक मंत्री पद से नाराज उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने पैतृक गांव चले गये हैं. इसी पृष्ठभूमि में अब सुप्रिया सुले ने निशाना साधा है.

सुले का कहना है कि आपको सार्वजनिक कार्य करने के लिए चुना गया है, इसलिए यह आपके घर की कहानी नहीं है।

विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य में सत्ता की स्थापना और मंत्रिमंडल विस्तार में लंबा वक्त गुजर गया. पालक मंत्रियों के नामों की घोषणा भी देर से की गई. इसको लेकर विपक्ष आरोप लगा रहा था कि महागठबंधन के नेताओं के बीच खींचतान चल रही है. पहले मंत्री पद और फिर पालक मंत्री पद के



बंटवारे को लेकर महागठबंधन के नेताओं के बीच विवाद सामने आ गया है. इस पृष्ठभूमि में विपक्षी दल के नेताओं ने भी राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है. सुप्रिया सुले ने पालक मंत्री पद को लेकर चल रहे विवाद की आलोचना की है.

सुप्रिया सुले ने राज्य सरकार को तमाचा मारते हुए कहा, 'राज्य की जनता के बारे में गंभीरता से सोचें.' सुप्रिया सुले ने यह भी आलोचना की है कि पालक मंत्री का पद संभालने के लिए यह आपका घर नहीं है. इसके जरिए सुले ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है. विपक्ष का आरोप है कि शिंदे अपने पैतृक गांव चले गए हैं और वह पालक मंत्री के पद से नाखुश हैं.

## सैफ फिर से फॉर्च्यून हाइट बिल्डिंग में रहने जा रहे

**मुंबई.** एक्टर के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले बांग्लादेशी शरीफुल इस्लाम उर्फ विजय दास की गिरफ्तारी के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. बताया जा रहा है कि सैफ अली खान की सेहत में सुधार हो रहा है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। इस बीच सैफ पर हुए हमले के बाद खान और कपूर परिवार दोनों सदमे में हैं. उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि ऐसा कुछ हुआ है. इस गंभीर घटना के बाद अब करीना कपूर खान ने एक बड़ा फैसला लिया है। करीना कपूर और परिवार अब बांद्रा वेस्ट स्थित सदगुरु शरण बिल्डिंग में नहीं रहेंगे। कुछ साल पहले करीना और सैफ सदगुरु शरण सोसायटी में रहने आए थे। 2021 में उन्होंने अपना पुराना घर छोड़कर नए घर में रहने का फैसला किया। वह यहां साढ़े तीन साल तक रहे। लेकिन अब हमले के मामले के बाद पुलिस जांच अधिकारियों का आना-जाना लगा हुआ है. तो अब करीना और सैफ ने एक बड़ा फैसला लिया है.


**NAGPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**Tender Notice**

Commissioner NMC invites Offline Tenders for the following work. These Tenders can be Submitted by the Registered Contractors of NMC . The terms and conditions of Tenders are available in the Tender Form. The sale and purchase of Tender Form can be done at Executive Engineer (Project-3) office ,5 th Floor, 'B' Wing, NMC Civil Line Nagpur.

| Tender No. | Name of the work | Tender Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|
| 01/2024-25/ EE/ Project-3/Sport | Artistic Painting (Commonly known as Graffiti work) at NMC Badminton Hall and Parking Plaza Mahal in Pr. No. 22, Gandhibag Zone No 06, Nagpur. | Rs.7,94,360/- |

**Note :- 1)** Right to reject any or all Tenders without assigning any reasons is reserved by the Municipal Commissioner N.M.C. Nagpur. **2)** Eligiblity criteria and mode of submission shall be as stated in Tender Form. **3)** For any details regarding works, contact Executive Engineer (Project 3), 5th floor NMC Building, Civil Lines, Nagpur 440001. **Email ID-eeproject3nmc@gmail.com. 4)**Tender Sale & Submission End Date (16:00 hrs.) : 04 Feb 2025. **5)** Tender Opening Date ( If Possible 16: 00 hrs. ) : 05 Feb 2025

**Executive Engineer (Project-3)**
**Nagpur Municipal Corporation, Nagpur**

**Advt No. 897 PR Date 20.01.2025**

## सुविचार

समय के साथ जीवन में परिवर्तन कीजिये,
वरना वक्त बदलने के लिए समय नहीं लगेगा.

## संपादकीय

# सियासी बयानों पर एफआईआर

❍ सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर सोमवार को स्टे लगा दिया। दिलचस्प है कि इससे पहले शनिवार को ही उनके खिलाफ असम पुलिस ने गुवाहाटी में एक एफआईआर दर्ज की। दरअसल, देश में राजनीतिक बयानों पर कोर्ट में केस करने या एफआईआर दर्ज कराने की बढ़ती प्रवृत्ति कई सवाल खड़े करती है। ऊपर जिन दो मामलों का जिक्र किया गया है, उनमें राहुल के बयान राजनीतिक प्रकृति के हैं। मानहानि के केस में राहुल गांधी के उन बयानों पर आपत्ति जताई गई है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर बीजेपी सदस्यों को झूठा और सत्ता के नशे में डूबा बताया है। गुवाहाटी में दर्ज एफआईआर का वास्ता उनके उस बयान से है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत राज्य से संघर्ष की बात कही थी। बात राहुल गांधी की हो या किसी अन्य नेता की, उनके बयानों से सहमत होना जरूरी नहीं है। यह दलील भी नहीं दी जा सकती कि बड़े राजनीतिक दलों के नेता देश के कानून से ऊपर हैं। अगर वे किसी कानून का उल्लंघन करते हैं तो कानूनी प्रक्रियाओं का सामना करने के लिए उन्हें तैयार भी रहना चाहिए। लेकिन जब किसी लोकतंत्र में राजनीतिक बयानों को कानून व्यवस्था के सरकारी तंत्र के जरिए नियंत्रित करने का प्रयास होने लगे तो उसे अच्छा नहीं माना जा सकता। दिक्कत यह भी है कि ऐसा अगर किसी एक पार्टी की सरकार में होने लग जाए तो दूसरे दल भी जहां उनकी सरकारें हैं, वहां पीछे नहीं रहते। पश्चिम बंगाल से लेकर कर्नाटक तक ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, जब सत्तारूढ़ दल या नेता के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि ऐसे तमाम मामलों में सरकार और पार्टी के बड़े नेताओं की सहमति शामिल होती है। लेकिन ये बड़े नेता चाहें तो इस प्रवृत्ति पर रोक जरूर लगा सकते हैं। याद रखना चाहिए जिन पड़ोसी देशों में लोकतंत्र का मजाक बनता हुआ हम देखते हैं, उन सबमें विरोधी राजनीति को कानून की बलि चढ़ाकर ही सत्तातंत्र वहां तक पहुंच पाता है।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस: भारत के तेजस्वी क्रांतिकारी योद्धा




**रमेश कृष्णराव लांजेवार**



❒ भारत को स्वतंत्र कराने के लिए देश में दो धाराओं का उद्गम हुआ- एक नरमपंथी और दूसरी उग्रपंथी। इन दोनों धाराओं के संगम से ही 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में जन्मे नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारत के लिए एक चमकते सितारे सिद्ध हुए और स्वतंत्र भारत के लिए एक महान योद्धा के रूप में उभरे। नेताजी ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में स्वामी विवेकानंद का समस्त साहित्य पढ़कर देश निर्माण का संकल्प लिया और भारत को स्वतंत्र कराने के लिए पूरी शक्ति से संघर्ष शुरू कर दिया। कोलकाता के स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु चित्तरंजन दास के कार्यों से प्रेरित होकर नेताजी ने उनके साथ कार्य करना प्रारंभ किया। 20 जुलाई 1921 को नेताजी की पहली भेंट महात्मा गांधी से हुई, जिन्होंने नेताजी को चित्तरंजन दास के साथ काम करने की सलाह दी। 1925 में अंग्रेजी सरकार ने यह महसूस किया कि नेताजी का क्रांतिकारियों से संबंध है और वे उनके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसके चलते नेताजी को गिरफ्तार कर म्यांमार की जेल में बंद कर दिया गया। नेताजी का संपूर्ण जीवन संघर्षों और चुनौतियों से भरा रहा। उनका एकमात्र सपना भारत को स्वतंत्र करना था। नेताजी ने विदेशी दौरों के माध्यम से अंग्रेजों के विरोधी देशों से संपर्क कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया। 1933 से 1936 तक यूरोप में रहते हुए नेताजी ने जर्मनी के हिटलर और इटली के मुसोलिनी से सहयोग प्राप्त किया। 1943 में नेताजी जापान पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री जनरल हिदेकी तोजो ने उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। नेताजी ने सिंगापुर में "आज़ाद हिंद फौज" का नेतृत्व संभाला और भारतीय स्वतंत्रता के लिए आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना की। आज़ाद हिंद फौज के झंडे पर दहाड़ते हुए शेर का चित्र था, जो नेताजी की कार्यशैली का प्रतीक था।

नेताजी का नारा "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा" भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमर मंत्र बन गया। 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद महात्मा गांधी ने इसे अपनी पराजय और नेताजी की विजय कहा। हालांकि, गांधीजी और नेताजी के विचारों में भिन्नता थी. जहां गांधीजी ने अहिंसा का मार्ग अपनाया, वहीं नेताजी ने क्रांति का। 18 अगस्त 1945 को नेताजी की विमान दुर्घटना में मृत्यु की खबर आई, जिससे पूरा देश शोकाकुल हो गया। हालांकि, उनका मृत शरीर आज तक नहीं मिला और उनकी मृत्यु पर विवाद बना हुआ है। आज, देश के युवाओं को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के विचारों को अपनाने की आवश्यकता है। उनके विचार देश को प्रगति और विकास के मार्ग पर ले जा सकते हैं। सुभाष चन्द्र बोस (23 जनवरी 1897-18 अगस्त 1945) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया "जय हिन्द" का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा" का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि जब नेता जी ने जापान और जर्मनी से सहायता लेने का प्रयास किया था, तो ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को 1941 में उन्हें खत्म करने का आदेश दिया था। नेता जी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने 'सुप्रीम कमाण्डर' (सर्वोच्च सेनापति) के रूप में सेना को सम्बोधित करते हुए "दिल्ली चलो!" का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इम्फाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। 21 अक्टूबर 1943 को बोस ने आज़ाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनाई जिसे जर्मनी, जापान, फ़िलीपीन्स, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह इस अस्थायी सरकार को दे दिए। सुभाष उन द्वीपों में गए और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आज़ाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से



मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिए उनका आशीर्वाद और शुभ कामनाएँ मांगी। नेताजी की मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है। जहाँ जापान में प्रतिवर्ष 18 अगस्त को उनका शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है वहीं भारत में रहने वाले उनके परिवार के लोगों का आज भी यह मानना है कि सुभाष की मौत 1945 में नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नज़रबन्द थे। यदि ऐसा नहीं है तो भारत सरकार ने उनकी मृत्यु से संबंधित दस्तावेज अब तक सार्वजनिक नहीं किए क्योंकि नेता जी की मृत्यु नहीं हुई थी। 16 जनवरी 2014 (गुरुवार) को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नेता जी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ के गठन का आदेश दिया। आज़ाद हिन्द सरकार के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इतिहास में पहली बार वर्ष 2018 में भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने लाल क़िला पर तिरंगा फहराया। 23 जनवरी 2021 को नेताजी की 125वीं जयंती है जिसे भारत सरकार के निर्णय के तहत पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया ।8 सितम्बर 2022 को नई दिल्ली में राजपथ, जिसका नामकरण कर्तव्यपथ किया गया है , पर नेताजी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी सन् 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। उन्होंने कटक की महापालिका में लम्बे समय तक काम किया था और वे बंगाल विधानसभा के सदस्य भी रहे थे। अंग्रेज़ सरकार ने उन्हें रायबहादुर का खिताब दिया था। प्रभावती देवी के पिता का नाम गंगानारायण दत्त था। दत्त परिवार को कोलकाता का एक कुलीन परिवार माना जाता था। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था। शरदबाबू प्रभावती और जानकीनाथ के दूसरे बेटे थे। सुभाष उन्हें मेजदा कहते थे। शरदबाबू की पत्नी का नाम विभावती था।

## व्यंग्य

**हनुमान मुक्त**

# आईना

❍ कोरोना अपना मन बहलाने को इधर उधर भटक रहा है। बाहर घूम रहा है। कोई है जो उसके साथ खेल खेलने को राजी हो। प्रेमी जन लॉकडाउन के चलते अंदर भटक रहे हैं। सोशल मीडिया ही सहारा रह गया है। पहले तो छुप छुप कर मिल लिया करते थे लेकिन अब मिलना तो दूर छुप छुप कर बात करना भी दूभर हो रहा है। कोरोना काल जैसे जैसे बढ़ता जा रहा है। प्रेमी प्रेमिकाओं के दिल बैठते जा रहे हैं। मन दुखी हो रहा है ।आंखों के सामने अंधेरा छा रहा है। इस कोरोना ने प्रेमी प्रेमिकाओं को दुखी कर दिया है। कहीं कोई उपाय दिखाई नहीं दे रहा है। वही साहित्यकार खुलकर साहित्य सर्जन कर रहे हैं। बरसों का कोटा पूरा कर रहे हैं। उनके लिए यह लोकडाउन साहित्य सृजन का कालखंड बनकर आ गया है। यह ऋतु जैसे साहित्य की बसंत ऋतु बन गई है। साहित्य की मैगजीन और अखबार भरे पड़े हैं। साहित्यकारों की डायरियां चुक गई हैं। हजारों पन्ने काले कर दिए हैं। कोरोना उनकी नायिका बनकर हर जगह इठलाती घूम रही है कोरोना मदमाती युवती की तरह अपना सौंदर्य बिखेरती जा रही है। रंग बदल रही है। उसने शहरों को भी रंग बिरंगा कर दिया है। कोई लाल, कोई पीला, कोई हरा। कभी इधर, कभी उधर, कभी यहां, कभी वहां। वह कब कहां अपने सौंदर्य की खुशबू बिखेर दे। किसी को नहीं पता? सब लोग उसकी मनमोहिनी अदाओं में उलझे हुए हैं। टेलीस्कोप लगा लगा कर उसको देखने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह है कि पूरे विश्व को इसने अपने मायाजाल में उलझा रखा है। सब उलझे हुए हैं ।कोई चीज याद नहीं। सिर्फ और सिर्फ कोरोना। यह कहां है? किसके पास है? कैसे इससे बचा जाए? सब इसी उलझन में हैं. यह समय बड़ा चौंकाने वाला है। भगवान तक ने अपने पट बंद कर लिए हैं।

घंटों घड़ियाल की आवाज सुनाई नहीं दे रही। मस्जिदों से अजान सुनाई नहीं दे रही। कल कारखानों की चीख लुप्त हो गई है। शादी विवाह ,बैंड बाजे सब रूक गए हैं। आवाजाही बंद है। बस, ट्रक, रेल, हवाई जहाज सब बंद। पहिए थम गए हैं। जिंदगी रुक गई है। यहां तक कि लोग इस लॉक डाउन में मृत्यु को प्यारे नहीं हो। इसके लिए उनके अपने भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। कम से कम दूर बैठे अपनों को उसके अंतिम समय में अंतिम दर्शन तो नसीब हो। छिटक कर दूर रहने का समय आ गया है। एक विचित्र अनुभव से विश्व गुजर रहा है। सब अनुशासित है। अनुशासन का अर्थ है सब कुछ से सहमत होना। जो असहमत है वह अनुशासित नहीं है. असहमति की कल्पना मात्र दहशत पैदा कर रही है। इसके परिणाम को कहने तक से गला अवरुद्ध हो रहा है।

## आस्था

**डॉ. गंगाप्रसाद शर्मा**

# अप्प दीपो भव

❍ चर्चित कथाकार प्रिय भाई महेंद्र भीष्म जी ने जब मुझे साकेत वासी महाकवि दिव्य जी के महाकाव्य 'श्री गौतम बुद्ध चरित' की टीका करने के लिए कहा तो मुझे अपनी मातृ भाषा पर गौरव हुआ साथ ही अपने मातृ भाषा ज्ञान पर तरस भी आया। लेकिन जिस उदार हृदय ने मुझे इस लायक समझा वही इस महासागर से पार भी उतारेगा इसी विश्वास के साथ हामी भर ली। वैसे यह महाकाव्य इतनी सरस और सहज प्रवाह वाली सरल भाषा में है कि पाठक को किसी टीका का मुँह ताकने की आवश्यकता ही नहीं है। इसे पढ़ते हुए अर्थ की परतें स्वतः खुलती जाती हैं यानी पाठक 'अप्प दीपो भव' की मनोदशा में पहुँच कर अर्थ ग्रहण ही नहीं करता अपितु रसनिष्पत्ति का लाभ भी प्राप्त करता है। इतना सब होते हुए भी टीका(करण) का आदेश है तो पालन करना ही है पर उसके पहले पाठकों की सुविधा के लिए महाकाव्य की कथावस्तु पर विहंगम दृष्टि भी आवश्यक है। यह महाकवि दिव्य जी का अवधी भाषा में रचित चरित महाकाव्य है, जो अट्ठारह सर्गों में विभक्त है। ये सर्ग हैं आदि सर्ग, बाल स्वर्ग, बासना बिजय सर्ग, महाभिनिस्क्रमण सर्ग, तपोबन प्रबेस सर्ग, महातप सर्ग, मार बिजय सर्ग, संबोधि सर्ग, प्रबर्तन सर्ग, कस्यप सर्ग, ताड़ बन सर्ग, बेनुबन सर्ग, पुनर्मिलन सर्ग, महाबन सर्ग, श्रावस्ती सर्ग, बिबिध बिहार सर्ग, उद्वेग सर्ग और अन्तिम सर्ग है निर्बान सर्ग। इस महाकाव्य के आदि सर्ग में भगवान बुद्ध के अपनी मां के गर्भ में आने से लेकर उनके जन्म और जन्म उपरांत कपिलवस्तु पहुंचने तथा महामुनि असद के कपिलवस्तु आगमन और राजकुमार के नामकरण, महामाया के देहावसान के साथ माता गौतमी के सुत स्नेह तक का चित्रण है। दूसरे सर्ग का नाम बाल सर्ग है। इसमें बालक सिद्धार्थ के रूप सौंदर्य का चित्रण है। सिद्धार्थ के विद्याध्ययन से लेकर उनके हल कर्षण उत्सव में जाने, जंबू वृक्ष के नीचे विश्रामऔर घायल हंस पर कृपा करने जैसे प्रसंग आए हैं।

रचनाकार दिव्य ने भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों में दलितों के साथ बैठने पर जो आभिजात्य विरोध था उसको भी इस सर्ग में दर्शाने का प्रयास किया है और इसमें अपने सतर्क व सहृदय विवेक से सफलता भी प्राप्त की है। भारत के दलितों के प्रति झुकाव और उनके प्रामाणिक तर्कों से रचनाकार दिव्य ने दलित जीवन को भारतीय संस्कृति की मुख्यधारा से जोड़ने के सिद्धार्थ के प्रयासों को बड़े सम्मान के साथ उद्धृत किया है। सिद्धार्थ के बैराग्य के प्रति आकर्षण, नश्वर जगत की चिंता, निर्धन दलितों की सेवा करती यशोधरा से गौतम का मिलन, गौतम के साथ यशोधरा का विवाह, राजा शुद्धोधन द्वारा रंग महलों का निर्माण कराने के उपरांत राजा शुद्धोदन का राजकुमार सिद्धार्थ के सांसारिक सुखों में बसने की वृत्ति का आस्वस्ति बोध आदि के प्रसंग कवि के संपूर्ण वाग्वैदग्ध्य के साथ वर्णित हैं। तीसरा सर्ग 'बिजय बासना सर्ग' है, जिसमें राजकुमार सिद्धार्थ अपने सारथी चन्ना के साथ जब भ्रमण पर जाते हैं उस समय उनका एक वृद्ध , रोगी और मृत व्यक्ति को देखकर विरक्ति से मन भर जाना, राजा शुद्धोधन के द्वारा इस समाचार का सुना जाना और उस पर चिंतित होना, राजकुमार को मोह्बीद्ध करने हेतु कालू दई को राजकुमार सिद्धार्थ के पास भेजना। इसके उपरांत सिद्धार्थ और उनके अनन्य मित्र उदायी का पद्म उद्यान में पहुंचना, उद्यान में उपस्थित सुंदरियों द्वारा सिद्धार्थ को लुभाने का प्रयास करना और सुंदरियों के द्वारा किए गए प्रयासों में सफलता न मिलना और इससे उदायी का आक्रोशित होना, सिद्धार्थ द्वारा कालू दई को समझाना और उसके पश्चात पद्म उद्यान से वापस लौट कर गिरि प्रासाद पर पहुंचना। इसके साथ ही ग्रीष्म ऋतु प्रासाद से पावस प्रासाद में सिद्धार्थ और यशोधरा का लौटना, सिद्धार्थ के पास जाकर शुद्धोदन का अपनी व्यथा सुनाना, दीन दु:खियों का दुख दूर करने के संबंध में गौतम और यशोधरा का विचार विमर्श जैसे गंभीर प्रसंग तीसरे सर्ग में आए हैं। महाकवि दिव्य ने इन तीन सर्गों में राजकुमार सिद्धार्थ के बुद्ध बनने की प्रक्रिया को सहज और सरल भाषा में चित्रित किया है वह महात्मा बुद्ध को आरंभ से ही महामानव नहीं बनाना चाहते और न ही उन्हें इस तरह की प्रतिष्ठा में कोई विश्वास है। इसीलिए दिव्य ने सिद्धार्थ को एक सामान्य बालक से किशोर होने तक की वय में सामान्य बालकों और किशोरों की तरह ही जिज्ञासा, कौतूहल और अन्य मनोवेगों से भरा हुआ दर्शाया है। चौथा सर्ग महाभिनिस्क्रमन सर्ग है। इसमें रचनाकार द्वारा दु:खियों के दु:ख से द्रवित यशोधरा को गौतम द्वारा ढाढस देना दिखाया गया है। इसी सर्ग में आगे यशोधरा गौतम से अपने गर्भधारण की बात करती है। इससे स्वत: सिद्ध है कि सिद्धार्थ के वैराग्य के विकास क्रम में केवल विराग ही नहीं है पर्याप्त मात्रा में राग भी है। राहुल का जन्म और जन्म के बाद राजकुमार सिद्धार्थ का राजकीय कार्यों में रुचि लेना यह दर्शाता है कि रचनाकार सिद्धार्थ के वैराग्य के लिए किसी दैवीय निर्धारण को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस तरह कवि स्पष्ट रूप से दर्शाना चाहता है कि सिद्धार्थ के गौतम बुद्ध बनने के पीछे कोई दैवीय कारण नहीं है। अपितु वह मानवीय परिस्थितियों से निर्मित संयोग है।

## कविता

**सुरेंद्र वर्मा**

# निंदिया

नींद से अच्छा नहीं लगे कुछ
सबसे प्यारी निंदिया रे।
सपने नए अनोखी लाती,
जादू वाली पुड़िया रे।।
थपकी दे माँ हमें सुलाती,
लोरी गा-गा कर बहलाती।
धीरे से है तब आ जाती,
मीठी-मीठी निंदिया रे।।
उड़न खटोले पर बैठाती,
दूर दो की सैर कराती।
परियों वाले लाल महल में,
लेकर जाती निंदिया रे।।
चन्दा मामा से मिलवाती,
तारों से बातें करवाती।
सात समुन्दर पार घुमा कर,
वापस लाती निंदिया रे।।

# नेकी कर कुछ, नेकी की दीवार पर टांग




❍ इधर सिंगापुर ने लॉकडाऊन एक जून तक बढ़ा दिया और उधर डब्ल्यू एच ओ ने भी डरा दिया है कि आगामी माह में इनसे भी बुरे दिन देखने को मिलेंगे। यह सब देखकर मैं डरा, सहमा और सिमटा हुआ बैठा था। अब टीवी भी देखूं तो कितना और कुंभकर्णी लेट लगाऊं तो कितनी! घरवाली के साथ किचन में यह-वह बनाने की जोर-आजमाइश भी कितनी! वैसे भी समझ नहीं आ रहा है कि इन दिनों में क्या पहने- ओढ़े और क्या खाएं-पीएं! जैसे-तैसे सुबह-सुबह मुँह पर से मक्खी उड़ाई और बेडरूम से बाहर निकला तो मार्निंग वॉक के शू बड़ी ही हसरत भरी नजरों से मेरी ओर देख रहे थे तो दूसरी ओर बेचारी स्लीपर अपने भाग्य को रो रही थी। शू बोला-" कम से कम मेरे ऊपर चढ़ चुकी धूल को ही साफ कर दो, घर की छत तक की फेरी लगवा दो, लगे हाथ पड़ोसन से नयन चार कर लेना। "स्लीपर खुश हो गई, बोली-" चलो, कुछ पल के लिए ही सही, कुछ तो आराम मिलेगा वरना तो घस-घस के तला तक पैरों से चिपटने की स्थिति में आ गया है। मैंने गुस्से में शू को देखा और बोला-"मेरा कैरेक्टर ऐसा ढीला लगता है बे तुझको!"और फिर उसपर तिरस्कार की दृष्टि डालते हुए कातर दृष्टि से देख रही स्लीपर पर पैर रखते हुए बलात संग होकर घर में ही इधर-उधर होता रहा और स्लीपर की चीखों को अनदेखा करता रहा। क्योंकि मेरे भीतर की चीखें भी तो कोई नहीं सुन रहा था। जब चाय-नाश्ता ठूंसकर गुसलखाने की तरफ जा रहा था तो अलमारी में रखे कपड़ो में खलबली मच गई, उन्हें लगा कि चलो आज तो किस्मत खुल ही जाएगी किन्तु गुसलखाने से बाहर आने के बाद वही टीशर्ट -बरमूडा पहनने की ओर कदम बढ़ाया तो पेंट-शर्ट आपा खो बैठे, बोले-"हमें यहाँ सड़ने के लिए पटक रखा है, हमारा नम्बर कब आएगा! पहले तो रोजाना अदल-बदल कर कपड़े पहनते थे और अब हालत यह हो गई है कि हमें हवा खाने को ही नहीं मिल रही है। " मैंने कहा-" तुम्हें मालूम नहीं कि कोरोना ने कहर बरपाया हुआ है और लॉकडाऊन चल रहा है। अभी जब कहीं बाहर जाना नहीं है और घर में पहनकर किसी को बताना नहीं है तो बताओ भला, तुम्हारा नम्बर कैसे आ सकता है!

❍ स्वर्गपक्षी या बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ पासरीफ़ोर्मीज़ गण के पैराडाएसियेडाए कुल के सदस्य हैं। इस जाति की अधिकांश जातियाँ न्यू गिनी के द्वीप और इसके समीपी क्षेत्रों में पाई जाती हैं, तथा कुछ प्रजातियाँ मोलुक्कास और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में पाई जाती हैं। इस जाति की 13 श्रेणियों में 40 प्रजातियां हैं। अधिकांश प्रजातियों में नरों के पंखों के कारण इस जाति के सदस्य प्रसिद्ध हैं, ये पंख विशेष रूप से अत्यधिक लंबे होते हैं तथा चोंच, डैनों एवं सिर पर फैले हुए परों के रूप में होते हैं। इनकी अधिकांश संख्या घने वर्षावनों तक ही सीमित हैं। सभी प्रजातियों का प्रमुख आहार फल तथा कुछ हद तक कीड़े मकोड़े हैं। बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ पक्षियों में प्रजनन की विभिन्न प्रणालियां हैं जो एक मादा से लेकर सामूहिक रूप से कई मादाओं पर आधारित होती है। न्यू गिनी के निवासियों के लिए इस जाति का सांस्कृतिक महत्व है। बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ की खालों तथा पंखों का व्यापार दो हज़ार साल पुराना है, तथा पश्चिमी संग्रहकर्ताओं, पक्षी वैज्ञानिकों एवं लेखकों की इन पक्षियों में काफी रूचि है। शिकार तथा निवास स्थलों की हानि के कारण कई प्रजातियां खतरे में हैं। बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ का शरीर आम तौर पर कौवे जैसा होता है तथा वास्तव में ये कॉर्विड्स प्रजाति (कौवे तथा नीलकंठ) से संबंधित हैं। बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ पक्षी विभिन्न आकारों में पाए जाते हैं जो किंग बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ 50 ग्राम (1.8 औंस) और 15 से॰मी॰ (5.9 इंच) से ले कर कर्ल-क्रेस्टेड मनुकोड 44 से॰मी॰ (17 इंच) व 430 ग्राम (15 औंस) तक के आकार के होते हैं। अपनी लंबी पूंछ के साथ नर ब्लैक सिक्लेबिल सभी प्रजातियों में सबसे लंबी प्रजाति है।110 से॰मी॰ (43 इंच) सभी प्रजातियों में नर मादा से बड़े और लंबे होते हैं, तथा यह अंतर मामूली से लेकर विशाल आकार तक का हो सकता है। पंख गोल होते हैं और कुछ प्रजातियों में ध्वनि निकालने के लिए संरचनात्मक रूप से संशोधित होते हैं। पूरी जाति में चोंच के आकार में विविधता पाई जाती है। सिक्लेबिल व राइफ़लबर्ड प्रजातियों में चोंच लंबी तथा अवक्राकार हो सकती है तथा एस्ट्रापिया में छोटी और पतली हो सकती है। लिंग के आधार पर शरीर के साथ-साथ चोंच का औसत आकार बदलता रहता है, हालांकि आम तौर पर नरों की तुलना में लंबी चोंच वाली मादाओं की प्रजातियां अधिक हैं और ऐसा विशेष रूप से कीट खाने वाली प्रजातियों में है। नरों के भड़कीले आकर्षक रंगों वाले पंखों की तुलना में मादाओं के छद्मावरण पंख विशेष रूप से अपने निवास के रंगों में अच्छी तरह घुल मिल जाते हैं। विभिन्न लिंगों के बीच पंखों में भिन्नता प्रजनन प्रणाली से बारीकी से संबंधित है। मनुकोड और पैराडाइज़ क्रो, जो सामाजिक रूप से एक मादा के साथ रहते हैं, लैंगिक तौर पर मोनोमोर्फिक (अर्थात जिनका जीनोटाइप एक ही प्रकार का होता है) होते हैं। इसी तरह पैराडिगाला की दो प्रजातियां हैं जो एक से अधिक मादा के साथ रहती हैं। इन सभी प्रजातियों के हरे और नीले रंग की घटती बढ़ती मात्रा के साथ आम तौर पर काले पंख होते हैं। न्यू गिनी का विशाल द्वीप बर्ड ऑफ़ पैराडाइज़ पक्षियों की विविधता का प्रमुख केंद्र है; केवल दो को छोड़ कर बाकी सभी प्रजातियां न्यू गिनी पर पाई जाती हैं। जो दो प्रजातियां यहां नहीं पाई जातीं, वे हैं मोनोटाइपिक श्रेणी की लाइकोकॉरेक्स तथा सेमिप्टेरा, जो न्यू गिनी के पश्चिम में स्थित मोलुक्कास की निवासी हैं। टिलोरिस वर्ग के राइफलबर्ड पक्षियों की दो प्रजातियां पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के तटीय जंगलों में पाई जाती हैं, एक ऑस्ट्रेलिया तथा न्यू गिनी दोनों जगहों पर पाई जाती हैं, तथा एक प्रजाति केवल न्यू गिनी में मिलती है। केवल मनुकोडिया एक वर्ग है जिसकी प्रजातियां न्यू गिनी के बाहर पाई जाती हैं, तथा इनका एक प्रतिनिधि क्वींसलैंड के उत्तरी छोर पर पाया जाता है।



पैराडाइज़ टैनेजर पक्षी

# दिन ढल गया था

❍ इतने सालों बाद उसका दिखना एक युग पीछे जाने जैसा था। लेकिन हाँ, उ फेर आज दिखी हमको गाँधी मैदान में। जैसा कि काफी कुछ हम पहले बता चुके हैं उसका बाल न धूप में एकदम भूरा रंग का चमक मारता है। उ चमक काफी साल बाद गाँधी मैदान में गेट नंबर छह से कुछ दूरी पर अपना जादू दिखा रहा है। देश का कितना विकाश हुआ ये तो पता नहीं लेकिन इसकी सुंदरता का विकाश दर काफी बढ़ गया है। इ जो कपड़ा पहनी है इसका नाम तो हम नहीं जानते लेकिन इसमें उ बिल्कुल किसी म्यूजियम में शीशे के घर में सजा के रखने वाली मूर्ति लग रही है। अब इ अलग बात है कि मूर्ति अब बैठे-बैठे उठ खड़ी हुई है और हँसने-बोलने लगी है। अरे, इ तो सेल्फी भी लेने लगी है। सेल्फी-पर-सेल्फी लिए जा रही है, अजीबो-गरीब किस्म का मुँह किए जा रही है। अरे केतना मेहनत कर रही हो डार्लिंग, बस करो थक जाओगी। एतना सेल्फी मत लो सरकार टैक्स लगा देगी और तरह-तरह का मुँह बनाने में तुम्हारी मासूमियत खो जाएगी।' अरे नहीं नहीं, इ हम उस से बतिया नहीं रहे है। इ तो हम अपने मने में बुदबुदा रहे हैं। हालाँकि कहने को बहुत कुछ है लेकिन हम आम आदमी है और कसम से बड़े बेचारे हैं। केतना बदल गई है रे इ मानो लड़की ना हो सरकार हो। माने शांत, अकेले और गुमसुम रहने वाली, क्लास के कोने में दुबक के बैठने वाली उ लड़की इ रही ही नहीं है। केतना चहल-पहल आ गया है इसके मिजाज में। देख रहे हो कैसे खिलखिला रही है। काफी खुश है। अच्छा इतना साल में अगर कुछ नहीं बदला है न तो उसकी उ साथ वाली बदतमीज लड़की जो उसकी दोस्त है और जिससे हम बहुते नफरत करते हैं।


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❒ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.






सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# बांस कारीगरों को अम्मा के नाम पर कौशल पुरस्कार दिया जाएगाः जोरगेवार

## बांस प्रशिक्षण केंद्र की ओर से बुरुड कारीगरों को टूल किट वितरण कार्यक्रम

**चंद्रपुर.**

आज का कार्यक्रम बुरुड कारीगरों की प्रगति और उनके कौशल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। यह टूल किट वितरण पहल हमारे पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिकता प्रदान कर नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए क्रियान्वित की जा रही है। विधायक किशोर जोरगेवार ने घोषणा की कि वे अगले वर्ष से इन कारीगरों को प्रोत्साहित करने की पहल करेंगे और अम्मा के नाम पर बांस कारीगरों को कौशल पुरस्कार देंगे। बांस प्रशिक्षण केंद्र की ओर से बुरुड समुदाय के बांस कारीगरों के लिए वन अकादमी में टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समय विधायक किशोर जोरगेवार बोल रहे थे। कार्यक्रम में वन अकादमी के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम.एस. रेड्डी, बांस प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक अशोक खडसे, भाजपा नेता प्रकाश देवताले आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



इस समय बोल रहा हूँ। जोर्जेवार ने कहा कि आज मुझे एक टूल किट दिया गया। इसलिए, यह बहुत खुशी की बात है कि एक समुदाय के व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के व्यक्ति को अपना पारंपरिक पेशा जारी रखने के लिए हथियार दिया है। इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से हम कारीगरों को कौशल प्रदान करने पर काम कर रहे हैं। बांस रोजगार का एक स्त्रोत है। वन विभाग को भी ऐसे कारीगरों को आवश्यक बांस उपलब्ध कराना चाहिए। बांस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अब हर वार्ड में प्रशिक्षण शिविर शुरू किये जाने चाहिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि हम इस संबंध में आवश्यक किसी भी सहायता के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

बुरुड के कारीगरों ने अपनी कला और कौशल को संरक्षित करके समाज के लिए महान योगदान दिया है। बांस से विभिन्न वस्तुएं बनाने की हमारी कला ने न केवल हमारे क्षेत्र में बल्कि पूरे देश में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन बदलते समय के साथ हमें भी नई तकनीक और नए उपकरणों को अपनाना होगा। यह टूल किट हमारे काम को आसान और उच्च गुणवत्ता वाला बनाएगी। इससे आप अधिक उत्पादन कर सकेंगे, गुणवत्ता में सुधार कर सकेंगे और अपने उत्पादों की बाजार मांग बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से नये कौशल हासिल करने और अपनी प्रतिभा को दूसरों के साथ साझा करने की अपील की। इस कार्यक्रम में विधायक किशोर जोरगेवार द्वारा बुरुड के कारीगरों को टूल किट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कारीगरों ने भाग लिया।

# नई शिक्षा नीति के बारे में स्कूल और कॉलेज के छात्रों में जागरूकता



**चंद्रपुर.**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के परिपत्र के अनुसार महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय, गड़चांदूर में स्कूल कनेक्ट 2.0 संचार अभियान का शुभारंभ किया गया। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सरकारी निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के अनुरूप विद्यार्थियों को उनके लिए लाभकारी शैक्षणिक परिवर्तनों की जानकारी प्रदान करने के लिए महाविद्यालय में यह अभियान क्रियान्वित किया गया। महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय और शरदराव पवार महाविद्यालय, गडचांदूर के सहयोग से महात्मा गांधी विद्यालय और जूनियर कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 11 जनवरी 2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अध्यक्ष महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र देव थे। इस कार्यशाला के मुख्य मार्गदर्शक प्रो. डॉ. शरद बेलोरकर थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्वरूप और उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को बताया जाना चाहिए। देश की समृद्ध और गहन ज्ञान विरासत को बचपन से ही मातृभाषा संस्कृत में पढ़ाया जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में संस्कृत सीखेंगे तो वे अधिक संस्कारवान बनेंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि हमें ज्ञानवान एवं अनुसंधानकर्ता बनना चाहिए तथा देश के विकास में योगदान देना चाहिए। शरद बेलोरकर द्वारा शरदराव पवार महाविद्यालय, गडचांदूर में किया गया।

इस अवसर पर माननीय विठ्ठलराव थिपे, उपाध्यक्ष, गडचांदूर शिक्षण प्रसारक मंडल, गडचांदूर, प्रो. कार्यक्रम का मार्गदर्शन महात्मा गांधी विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज के उप प्राचार्य प्रफुल्ल माहुरे ने किया। कार्यक्रम का संचालन एवं परिचय प्रो. पवन चतारे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि प्रो. अकरम शेख द्वारा निर्मित। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रो. पटले, प्रो. वानखेड़े, डॉ. मून, डॉ. घोडिले, प्रो. डॉक्टर ने कड़ी मेहनत की.

# सदस्यता पंजीकरण सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विचारधारा का प्रसार भी हैः जोरगेवार

**चंद्रपुर.** सदस्यता पंजीकरण प्रक्रिया भारतीय पार्टी की ताकत और सिद्धांतों को समाज के हर कोने तक पहुंचाने में एक बहुत ही प्रभावी और महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, बल्कि विचारों और राष्ट्र सेवा का एक आंदोलन है। यह प्रवाह समावेशी, भरोसेमंद और बाध्यकारी है, और सदस्यता पंजीकरण सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि विचारधारा को फैलाने का एक प्रभावी तरीका है। इसलिए, विधायक किशोर जोरगेवार ने सुझाव दिया है कि सदस्यता पंजीकरण प्रक्रिया को अच्छी तरह से योजनाबद्ध और त्वरित किया जाना चाहिए।



सदस्यता पंजीकरण प्रक्रिया की योजना बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार के राजमाता निवास पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। वे इस बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खुशाल बोंडे, विजय राऊत, भारतीय जनता पार्टी महिला अध्यक्ष सविता कांबले, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर अहीर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल निंबालकर, महामंत्री सूरज पेडुलवार, किरण बूटले, पूर्व नगरसेवक उपस्थित थे। सुभाष कासनगोट्टूवार, भाजपा नेता दशरथ सिंह ठाकुर उपस्थित थे। , तुषार सोम, वंदना हटगांवकर, सविता डंडारे, मनोज पाल आदि उपस्थित थे।

इस बार मैं अतीत की बात कर रहा हूं। जोरगेवार ने कहा कि नागरिकों में भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ने के लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया है। लेकिन हमें उन तक पहुंचना होगा। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता ऊर्जावान है। अब उन्हें घर-घर जाकर अभियान चलाना चाहिए और सदस्यता के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण कराना चाहिए। जिन लोगों को हम इस प्रक्रिया में शामिल करते हैं, वे न केवल पार्टी के सदस्य बनते हैं, बल्कि वे हमारे सिद्धांतों के वाहक भी बनते हैं। उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और हमारे देश की प्रगति में योगदान देने का अवसर मिलता है। आज प्रौद्योगिकी का प्रभाव बहुत बड़ा है। इस प्रक्रिया के लिए डिजिटल मीडिया के उपयोग से यह सरल, तीव्र और अधिक पारदर्शी हो गई है। हालाँकि, हमें लोगों से सीधे संवाद करने के महत्व को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को समझना, उन्हें अपनी पार्टी के विचारों से जोड़ना और उन्हें यह समझाना है कि यह विचारधारा क्यों महत्वपूर्ण है।

हमारी पार्टी के मूल सिद्धांत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के विचारों से प्रेरित हैं। हम अपने सदस्यों के माध्यम से इन सिद्धांतों को बढ़ावा और प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का विस्तार सिर्फ संख्या बढ़ाने की पहल नहीं है, बल्कि देश की प्रगति के लिए लोगों तक पहुंचने का प्रयास है। हमारे पास दस दिन बचे हैं। इन दस दिनों के दौरान मंडल स्तर और वार्ड स्तर पर विशेष गतिविधियां चलाकर सदस्य बनाने के निर्देश विधायक किशोर जोरगेवार ने दिए। इस बैठक में बड़ी संख्या में पूर्व नगर निगम कर्मचारी, मंडल अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# पुलिस ने एक चौपहिया सहित 3.42 लाख की अवैध शराब जब्त की

**गढ़चिरोली.**

जिले में शराब पर प्रतिबंध होने के बावजूद शराब अवैध रूप से और चोरी-छिपे बेची और ले जाई जा रही है। इसके विरोध में पुलिस अधीक्षक श्री. निलोत्पल द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं पर अंकुश लगाने के लिए से प्राप्त आदेश के अनुसार 20 जनवरी 2025 को एक चार पहिया वाहन सिल्वर कर्ल, फोर्ड कंपनी फिएस्टा वाहन, वडसा के रास्ते आरमोरी की दिशा से अवैध शराब का परिवहन होने की, गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई थी।



जब अजय जगताप को इसकी जानकारी दी गई तो पी.ओ. अजय जगताप के नेतृत्व में पोस्ते वडसा से एक पुलिस दल ने वाहन का पीछा किया। पीछा करने के दौरान शंकरपुर की ओर से वाहन का चालक पुलिस को चकमा देकर तेज गति से कुरखेड़ा की ओर भाग गया। इसके बाद पी.ओ. जगताप ने कुरखेड़ा थाने के पूलिस निरीक्षक महेंद्र वाघ को इसकी जानकारी दी।

इस जानकारी के आधार पर कुरखेड़ा में मुख्य रस्ते पर बेरीकेट्स लगाकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के साथ गोठनगांव के पास जाल बिछाया गया, तभी रात करीब 10 बजे उन्होंने एक चार पहिया फोर्ड फिएस्टा वाहन को तेज गति से आते देखा। इस दौरान जब पुलिस ने चालक को हाथ दिखाकर वाहन रोकने का प्रयास किया तो चालक पुलिस को चकमा देकर तेज गति से वाहन लेकर भाग गया। इसके बाद वाहन का पीछा किया गया और मौजा कढोली में तुकाराम विद्यालय के सामने उसे रोक लिया गया। इस दौरान चालक ने वाहन को सड़क पर खड़ा कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद वाहन चालक की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला।

उक्त वाहन की जांच के दौरान उसमें खाकी रंग के कंटेनर में कुल 25 पेटी पाई गई, जिनमें प्रत्येक में 90 एमएल देशी शराब टाइगर ब्रांड ऑरेंज कंपनी की थी। कुल 2375 नग निप, 95 नग निप, कीमत लगभग 1,42,500/- रूपये। मौके पर पहुंचकर एक चार पहिया फोर्ड फिएस्टा वाहन संख्या 100 को उक्त अवैध शराब के साथ जब्त कर लिया गया। एम.एच.31 सी.एन.7120 की कीमत लगभग 2,00,000/- रु. कुल 3,42,500 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई हैं। संबंधित घटना के संबंध में कुरखेड़ा स्थित डाकघर में मर्ग कायम कर लिया गया है। अपराध क्रमांक 12/2025 धारा 65 (ए) महा. दा. का. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 184. के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।





# सैफ अली खान
## लीलावती हॉस्पिटल से होंगे डिस्चार्ज




बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हाल ही में चाकू से हमला किया गया था और इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था. यहां पर उनकी सफल सर्जरी की गई और उनके शरीर से चाकू का टूटा हुआ टुकड़ा निकाला गया था. अब सैफ अली खान के तमाम चाहने वाले फैंस के लिए अच्छी खबर है कि वह अस्पताल से डिस्चार्ज होने वाले हैं. करीना कपूर अपने पति को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के लिए रवाना हो चुकी हैं. वहीं, कहा जा रहा है कि कि सैफ अली खान उस घर में नहीं जाएंगे जहां हमला हुआ था बल्कि वह नई जगह शिफ्ट होंगे.

न्यूज एजेंसी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है. इसमें आप देख सकते हैं कि करीना कपूर कार में बैठी हैं. इसके साथ बताया गया है कि वह अपने पति सैफ अली खान के घर से रवाना हुई हैं. एक्टर को जल्द ही मुंबई के लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिलने वाली है. सैफ अली खान यहां पर 16 जनवरी से भर्ती थे. एक्टर का इलाज करने वाले डॉक्टर्स ने बताया है कि वह चल पा रहे हैं और बात कर पा रहे हैं. हालांकि, उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने में 1 महीने लगेगा. वहीं, रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि सैफ अली खान डिस्चार्ज होने के बाद सतगुरु शरण बिल्डिंग ना जाकर फार्चून हाइट्स जा सकते हैं. गौरतलब है कि सैफ अली खान पर सतगुरु शरण बिल्डिंग में हमला किया गया था. एक्टर पर हमले की घटना के बाद उनके घर की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही घर में एक्स्ट्रा सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है. फिलहाल, वायरिंग का काम चल रहा है और डक्ट भी बंद किया जा रहा है. बताते चलें कि सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार कर लिया गया है. इसके बाद कोर्ट ने उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है. वहीं, पुलिस ने हाल ही में आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को सैफ अली खान के घर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करवाया है.

# रणवीर ने कजिन की शादी में किया डांस



बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह हाल ही में अपनी कजिन की शादी में पहुंचे थे. वह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ कैमरे में कैद हुए थे. इस कपल के शादी में जाते हुए तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुए थे. अब कजिन की शादी से रणवीर सिंह का एक अनसीन वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मस्त होकर डांस करते नजर आ रहे हैं. एक्टर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हो फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने शादी में खूब एंजॉय किया है. 'तड़का बॉलीवुड' ने अपने इंस्टाग्राम पेज से एक वीडियो शेयर किया है. इसमें आप देख सकते हैं कि रणवीर सिंह अपनी कजिन के साथ सलमान खान की फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' पर मस्ती भरे अंदाज में झूम रहे हैं. रणवीर सिंह का वीडियो वायरल होते ही फैंस ने इस पर रिएक्शन देना शुरू कर दिया. इस तरह से एक्टर के तमाम चाहने वाले फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं और उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. रणवीर सिंह ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह बॉलीवुड के एनर्जेटिक एक्टर हैं. वह अक्सर पार्टीज में अपने अंदाज से महफिल में चार चांद लगा देते हैं. रणवीर सिंह के वीडियोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह पिछली बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम अगेन में कैमियो रोल करते नजर आए थे. उनकी पाइपलाइन में अभी कई फिल्में हैं. बताते चलें कि साल 2024 में रणवीर सिंह और उनकी पत्नी दीपिका पादुकोण बेटी दुआ के माता-पिता बने थे. इस कपल ने साल 2018 में शादी की थी.

# सलमान की लेटलतीफी के कारण शूटिंग नहीं कर पाए अक्षय



सलमान खान का कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 18 खत्म हो गया है, लेकिन इस शो से जुड़ी खबरें अब तक आ रही हैं. बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाल में कई सेलेब्स शामिल हुए. अक्षय कुमार भी इस फिनाले में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने आने वाले थे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए. कहा गया कि सलमान खान के लेट होने की वजह से अक्षय कुमार शूटिंग किए बिना ही लौट गए. खुद सलमान ने कहा कि अक्षय को किसी और इवेंट की शूटिंग भी करनी थी. इसी वजह से वह नहीं रुक पाए. अब अक्षय कुमार ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है. अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन में बिजी हैं. बीते दिन इसी फिल्म के प्रमोशन में अक्षय कुमार ने बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले के बारे में बात की और बताया कि वह शूटिंग क्यों नहीं कर पाए थे. अक्षय कुमार ने सलमान खान के देर से आने पर कहा कि वह इतना भी लेट नहीं आया था. मैं पहुंच गया था और वो थोड़ी देर से आया क्योंकि उसे अपना कोई पर्सनल काम था. हमने इस बारे में फोन पर बात की. तब उसने बताया कि उसे आने में अभी भी 30-40 मिनट लग जाएंगे और इसी वजह से मुझे जाना पड़ा. फोन पर बात होने का बाद मैं वीर को छोड़कर वहां से निकल गया और फिर सलमान ने वीर के साथ शूट कर लिया. बता दें कि ग्रैंड फिनाले के मौके पर खुद सलमान खान ने बताया था कि वह किसी कारण लेट हो गए थे और इसी वजह से अक्षय कुमार को निकलना पड़ा. अक्षय को आगे भी कहीं शूटिंग करनी हैं. अक्षय कुमार की फिल्म की बात करें तो एक्टर की फिल्म स्काई फोर्स 1965 में हुए भारत पाकिस्तान के हवाई युद्ध पर आधारित है. इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर, सैफ अली खान, वीर महापाड़िया जैसे कलाकार नजर आएंगे. वीर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं. ऐसे में उनके करियर के लिए ये फिल्म काफी खास है. वहीं, अक्षय कुमार भी कई फ्लॉप दे चुके हैं तो उनके स्टारडम को बनाए रखने के लिए ये फिल्म काफी अहम हैं.

# अक्षरा: एमएमएस देखकर बौखलाई



मनोरंजन की दुनिया चारों तरफ से कैमरों से घिरी हुई है. ऐसे में सितारों का कैमरे से बच पाना काफा मुश्किल होता है. यही वजह है जो कई बार बॉलीवुड हसीनाओं को एमएमएस लीक हो जाता है. हाल ही में उर्वशी रौतेला के एमएमएस ने बवाल मचाया था. इसके अलावा एक भोजपुरी अदाकारा भी एमएमएस स्कैंडल का शिकार हो चुकी है. एमएमएस लीक होने के बाद लोगों ने इस अदाकारा को खूब ट्रोल किया था. हाल ये हो गया था कि इस अदाकारा ने मीडिया के सामने आकर लोगों की खूब लताड़ लगाई थी. अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको इस अदाकारा के बार में बताने वाले हैं. यहां हम बात कर रहे हैं भोजपुरी सिनेमा की शान अक्षरा सिंह की जो कि अपने एमएमएस की वजह से बुरा फंस गई थीं. सोशल मीडिया पर अक्षरा सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था. इस वीडियो में अक्षरा सिंह का एक अलग ही रूप देखने को मिला.

# गुरुचरण को भक्ति ने की 33 लाख मदद

टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरुचरण सिंह बीते दिनों तबीयत खराब होने और आर्थिक तंगी की वजह से चर्चा में थे, लेकिन उनकी करीबी दोस्त भक्ति सोनी ने इस मुश्किल घड़ी में उनका पूरा साथ दिया. भक्ति ने न केवल उनकी आर्थिक मदद की, बल्कि उन्हें एक ब्रांड डील दिलाकर काम दिलाया, और वापस एक्टिंग की दुनिया में लाने की कोशिश की.



भक्ति सोनी ने बताया कि उन्होंने गुरुचरण को 13 लाख रुपये की एक ब्रांड डील दिलाई, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं. भक्ति ने कहा, "गुरुचरण इस डील से खुश हैं और उन्होंने वादा किया है, कि वह अपना व्रत तोड़ देंगे. उन्होंने बताया कि वह इस डील की शूटिंग के लिए इस महीने के अखिरी तक मुंबई लौटेंगे.

"भक्ति ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने गुरुचरण को पहले 33 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी थी. उन्होंने बताया, "मैंने उनकी मदद के लिए हरसंभव प्रयास किया क्योंकि उन्हें इस समय सबसे ज्यादा जरूरत थी. लेकिन दुख की बात है, कि उनकी हालत इतनी खराब होने के बावजूद, कोई और मदद के लिए आगे नहीं आया." भक्ति ने आगे बताया कि आर्थिक मदद से ज्यादा गुरुचरण को काम की जरूरत है. उन्होंने कहा, "टीएमकेउसी की पब्लिसिटी टीम ने उनसे संपर्क जरूर किया और उनका हालचाल पूछा, लेकिन आर्थिक मदद के लिए किसी ने आगे कदम नहीं बढ़ाया. गुरुचरण को पैसों से ज्यादा काम चाहिए, ताकि वह खुद को संभाल सकें, और नई शुरुआत कर सकें.

# नोरा फतेही
## ने दिखाया 'स्नेक' डांस का जलवा



नोरा फतेही इन दिनों अपने नए म्यूजिक वीडियो 'स्नेक' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वो अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो के साथ नजर आ रही हैं. इस गाने को अब तक 33 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है. हाल ही में नोरा ने सोशल मीडिया पर इस गाने का हुक स्टेप सिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कमर और सीने को कैसे सही तरीके से मूव करना है.वीडियो में नोरा ने समझाया कि इस डांस में कंधों को स्थिर रखना जरूरी है, जबकि कमर और सीने के बीच के हिस्से को फ्लेक्सिबल मूवमेंट करना होगा. उनकी इस परफेक्ट गाइडेंस की तारीफ तो हो रही है, लेकिन कुछ लोगों को यह डांस मूव समझ नहीं आ रहा, जिसके चलते सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. जहां कई लोगों ने नोरा की बॉडी और मूव्स को 'परफेक्ट' बताया, तो वहीं कुछ ने मजाक उड़ाया. एक यूजर ने वॉमिट इमोजी पोस्ट करते हुए, इसे ट्रोल किया, तो किसी ने कहा, 'ये लोग आखिर कर क्या रहे हैं?', दूसरे ने कहा- मलाइका को क्यों नहीं सिखाया, वो कितना ट्रोल हो रही हैं बता दें कि इससे पहले नोरा ने इसी गाने पर जेसन डेरुलो के साथ एक डांस वीडियो बनाया था, जिसमें मलाइका अरोड़ा भी साथ में डांस करती नजर आ रहीं थी, वीडियो में साफ दिख रहा था, कि मलाइका ने नोरा की तरह डांस मूव्स करने की कोशिश तो की, लेकिन लोगों का कहना है, कि वो इतना अच्छा नहीं कर पाईं. कई लोगों ने मलाइका को ट्रोल करते हुए लिखा, "मलाइका फ्रेम में फिट नहीं हो रहीं और यह अजीब लग रहा है." एक अन्य ने कहा, "मलाइका को अब नई जेनरेशन के साथ एडजस्ट करने की कोशिश बंद कर देनी चाहिए.'' नोरा के 'स्नेक' डांस मूव्स पर जहां एक ओर तारीफों की बौछार हो रही है, वहीं दूसरी ओर आलोचनाओं का सिलसिला भी जारी है. फैंस इसे नोरा की डांस स्किल्स का शानदार परफॉर्मेंस मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे मलाइका के लिए एक सबक के तौर पर देख रहे हैं.

# बॉलीवुड एक्ट्रेस बनना चाहती हैं कुंभ मेला की मोनालिसा




144 साल बाद लगे इस महाकुंभ में हर कोई आकर स्नान करना चाह रहा है। देश-विदेश से लोग यहां आकर गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में कई बाबा और कई विक्रेता भी लाइमलाइट में आए हैं। बता दें कि आईआईटीएन बाबा के बाद कुंभ मेला में एक माला बेचने वाली लड़की खास लाइमलाइट में रही। बता दें कि इस लड़की का नाम मोनालिसा है जिसने जमकर सुर्खियां बटोरी हैं। मोनालिसा के आए दिनों सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं। कभी वह माला बेचती नजर आती हैं तो कभी वह इंटरव्यू देती दिखती हैं। हाल ही में मोनालिसा का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में देखा जा सकता है कि मोनालिसा एक्ट्रेस बनने की बात कहती हैं। एक पत्रकार मोनालिसा से पूछता है कि आपको कौन सी एक्ट्रेस पसंद है तो इसपर मोनालिसा कहती हैं कि उन्हें ऐश्वर्या राय बहुत पसंद हैं। इसके बाद पत्रकार मोनालिसा से पूछते हैं कि अगर आपको काम मिलता है फिल्म जगत में तो क्या आप जाना चाहेंगे तो इसपर मोनालिसा हामी भरती हैं। पत्रकार मोनालिसा से पूछते हैं कि उन्हें क्या पसंद है अपनी आंखें या मुस्कान तो इसपर मोनालिसा कहती हैं कि उन्हें उनकी मुस्कान पसंद है।

पत्रकार इसके बाद मोनालिसा को गाने गाने के लिए कहते हैं, लेकिन मोनालिसा मना कर देती हैं। बता दें कि मोनालिसा देखते ही देखते ही इस महाकुंभ में फेमस हो गई हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की लिस्ट लंबी हो गई है। बता दें कि मोनालिसा इस कुंभ मेले से जा रही हैं क्योंकि उनका कहना है कि लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं उनके साथ तस्वीरें ले रहे हैं और उनकी मालाएं नहीं बिक रही हैं। उन्हें 3 लाख का नुकसान हुआ है। इसीलिए वह अपने घर वापस जा रही हैं।

# श्रीवल्ली अब बनेंगी महारानी येसूबाई

फिल्म 'पुष्पा' की श्रीवल्ली अब 'छावा' की महारानी बनेगी. रश्मिका मंदाना एक्टर विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में महारानी येसूबाई के किरदार में दिखेंगी. इस फिल्म का टीजर और पोस्टर पहले आ चुका है. अब मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म 'छावा' से रश्मिका मंदाना का लुक जारी कर दिया है. इससे पहले विक्की कौशल के संभाजी महाराज के किरदार में कई नए पोस्टर जारी किए गए थे. मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना के दो पोस्टर जारी किए हैं. जिसमें वो महारानी के किरदार में दिख रही हैं. एक पोस्टर में रश्मिका मंदाना हैवी ज्वैलरी पहने हुए हैं और मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं. वहीं, दूसरी तस्वीर में रश्मिका मंदाना परेशान दिख रही हैं. दोनों ही लुक में उनके नाक में नथ, माथे पर बिंदिया और सिर पर घूंघट है. इस लुक में रश्मिका बेहद सुंदर लग रही हैं.






# खुशी कपूर
## ऑफ शोल्डर ड्रेस में छाईं

फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी और जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर जल्द ही फिल्म 'लवयापा' में नजर आने वाली हैं. फिल्म में खुशी के साथ आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी दिखेंगे. फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. रिलीज से पहले खुशी अपनी मूवी को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं. फिल्म प्रमोशन के दौरान खुशी अपने ग्लैमरस अंदाज से भी फैंस का दिल जीत रही हैं. खुश का हर लुक एक से बढ़कर एक है. उन्होंने एक नए इवेंट से अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को क्रेजी कर रही हैं. नई फोटोज में खुशी प्रिंटेड ऑफ शोल्डर को-ऑर्ड सेट में नजर आईं. उन्होंने इस लुक के साथ अपने बालों को ओपन रखा. स्टड ईयररिंग्स पहनकर लुक कंप्लीट किया. ग्लोइंग और सटल मेकअप में खुशी किसी डीवा से कम नहीं लग रही हैं. उनके सेंसेशनल इंडो-वेस्टर्न लुक पर फैंस अपना दिल हार रहे हैं. इसके अलावा खुशी ने पर्पल कलर की स्टनिंग ऑफ शोल्डर ड्रेस में भी अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. ये लुक उन्होंने बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले के लिए कैरी किया था. ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ खुशी ने गले में स्टेटमेंट नेकलेस और मैचिंग ईयररिंग्स भी पहने. ओपन सॉफ्ट कर्ली हेयरडो और ग्लॉसी मेकअप में खुशी गॉर्जियस लग रही हैं. खुशी के इलेक्ट्रिफाइंग लुक ने फैंस की धड़कनों को तेज कर दिया है. जाह्नवी कपूर भी छोटी बहन की खूबसूरती पर दिल हार बैठी हैं. जाह्नवी ने कमेंट सेक्शन में छोटी बहन की तारीफ की है. खुशी कपूर हमेशा ही अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस को इंप्रेस करती हैं. फैंस के बीच उनका स्टाइल स्टेटमेंट काफी पॉपुलर है.

# वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 10 विकेट से दूसरा मैच जीता

**मलेशिया.**




आईसीसी अंडर 19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2025 मलेशिया में खेला जा रहा है। भारतीय महिला टीम ने इस टूर्नामेंट में मलेशिया को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। टीम इंडिया ने दूसरे मुकाबले में विपक्षी टीम को 31 रन पर ढेर कर दिया। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देखकर 5 विकेट लिए और इतिहास रच दिया। जिसमें हैट्रिक भी शामिल था। 32 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने बिना किसी विकेट खोए 2.5 ओवर में मैच जीत लिया। पहले मुकाबले में भी भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 44 रन के स्कोर पर समेटकर मैच जीता था. भारत और मलेशिया के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले के स्कोर पर एक नजर डालें, तो टीम इंडिया की कप्तान निक्की प्रसाद ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने के लिए मलेशिया को आमंत्रित किया। लेकिन, बैटिंग करने आई मलेशिया की टीम तास के पत्तों की तरह बिखर गई। 11 खिलाड़ियों में से किसी ने भी 10 रन का आंकड़ा भी पर नहीं किया। वहीं, गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने 5 रन देखकर 5 विकेट चटकाए। इसके अलावा आयुषी शुक्ला को 3 विकेट मिले। 14.3 ओवर खेलने के बाद मलेशिया ने 31 रन ही बनाया और ऑल आउट हो गई। जवाब में भारत की ओर से तृषा ने 12 गेंद पर 27 रन की पारी खेल कर मैच खत्म कर दिया। वैष्णवी ने उनके रिकॉर्ड को धराशाई करते हुए टॉप पर कब्जा कर लिया।आईसीसी अंडर 19 महिला t20 विश्व कप में वैष्णवी ने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। सबसे पहले साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर मैडिसन लैंडसमैन ने इस टूर्नामेंट में हैट्रिक लिया था। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने साल 2023 में यह करनामा करके दिखाया। वहीं, हेनरीएट इशिंबे ने 17 जनवरी 2023 को जिंबॉब्वे के खिलाफ चार गेंद में चार विकेट चटकाए थे। अब वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ यह कारनामा करके अपना नाम भी अंकित करवा लिया है। लगातार दूसरा मैच जीतकर भारत ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर कायम है। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच कुआलालंपुर में खेलेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। फिर हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। 2 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।

## वैष्णवी बनी वर्ल्ड में सर्वश्रेष्ठ बॉलर

□ भारत के लिए खेलते हुए वैष्णवी शर्मा ने वह कर दिखाया, जो आज तक किसी भारतीय महिला ने नहीं किया था। अंडर-19 टी20 विश्व कप में सबसे घातक गेंदबाजी करने वाली गेंदबाज बन गईं। पांच रन देखकर 5 विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा वर्ल्ड में सर्वश्रेष्ठ बॉलर बन चुकी हैं। इससे पहले साल 2023 इंग्लैंड के लिए खेलते हुए एली एंडरसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

## टीम इंडिया की जर्सी से पाकिस्तान का नाम गायब?




**नई दिल्ली.** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के हाथों में है। लेकिन, यह हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा। सभी मुकाबले पाकिस्तान के तीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेला जाएगा। वहीं, भारत के सभी मुकाबले दुबई में होंगे। इस इवेंट को स्टार्ट होने में 1 महीने से कम का समय बचा हुआ है और एक नया लफड़ा सामने आ गया है। दरअसल, टीम इंडिया की जर्सी पर आयोजक पाकिस्तान का नाम नहीं लिखा जाएगा। 8 साल बाद दोबारा शुरू हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक नया बखेड़ा शुरू हो गया है। जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने टीम इंडिया की जर्सी पर आयोजक पाकिस्तान का नाम लिखने से मना कर दिया है। पहले ही पाकिस्तान जाने से भारतीय टीम ने मना कर दिया था और अब जर्सी पर उसका नाम लिखने से भी इनकार किया है। ऐसे में एक बार फिर बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को बड़ा झटका मिला है।

टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम नहीं होगा। इस बात की जानकारी देते हुए पीसीबी के एक आधिकारिक ने बताया कि "भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भारत की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम नहीं लिखवा कर क्रिकेट में राजनीतिक पर उतर आया है। इससे पूर्व बोर्ड ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को चैंपियंस ट्रॉफी में होने वाले कप्तानों की बैठक के लिए भी पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया। खेल के दृष्टिकोण से यह अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान आने से मना किया।

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने दिखाया आईना



**सिडनी.** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिए जारी किए गए 10 पॉइंट के दिशानिर्देश भारतीय टीम में अनुशासन की कमी को दर्शाते हैं और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया. ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस सेशन के दौरान पूरे समय मौजूद रहने और टीम के साथ ही स्टेडियम जाने और आने के निर्देश दिए. इस बीच ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों के लिए जारी किए गए 10 पॉइंट के दिशानिर्देश भारतीय टीम में अनुशासन की कमी को दर्शाते हैं और उन्होंने बाकी क्रिकेट टीमों से इस तरह की स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया. इसके साथ ही दौरे पर परिवार के साथ समय को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुछ खिलाड़ियों के अपने परिवारों के साथ अलग यात्रा करने के बाद ये पाबंदियां लगाई गईं. विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे 60 साल के हीली ने सेन रेडियो से कहा,'भारतीय क्रिकेट नए सांचे में ढल रहा है. क्रिकेट अधिकारियों के सख्त और मजबूत रुख से पता चलता है कि टीम में कहीं न कहीं अनुशासन की कमी दिख रही थी.' उन्होंने कहा, 'शायद प्रशासकों और खिलाड़ियों ने खेल की महाशक्ति की नुमाइंदगी के सपने का उचित सम्मान नहीं किया.

# कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी

**नई दिल्ली.**



क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ी खबर आ रही है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करने जा रहे हैं। कोहली दिल्ली के लिए रेलवे के खिलाफ मैच खेलेंगे।

उन्होंने 30 जनवरी को दिल्ली और रेलवे के बीच खेले जाने वाले मैच में खेलने की पुष्टि की है। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि की है। दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने कहा है कि खुद कोहली ने डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के साथ टीम प्रबंधन को रेलवे के खिलाफ मैच में उपलब्ध रहने की बात कही है। ध्यान रहे कि कोहली गर्दन में चोट के चलते दिल्ली और सौराष्ट्र के बीच 23 जनवरी को होने वाला मुकाबला नहीं खेलेंगे।

हालांकि इस मैच में ऋषभ पंत का सामना रवींद्र जडेजा से होगा। दरअसल, कुछ दिन पहले बीसीसीआई ने 10-सूत्रीय दिशा-निर्देश नीति जारी की थी, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि घरेलू क्रिकेट खेलना सभी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन और केंद्रीय अनुबंधों के लिए पात्र बने रहने के लिए अनिवार्य है।

नहीं खेलने के लिए बीसीसीआई को चोट का कोई मेडिकल प्रमाण देना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसी वजह से कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को अपनी चोट के बारे में जानकारी दी कि वह 23 जनवरी को सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाला मैच नहीं खेलेंगे। दिल्ली का अगला और आखिरी लीग मैच 30 जनवरी को रेलवे के खिलाफ है, जिसमें कोहली भी खेलेंगे।

बता दें कि विराट कोहली लंबे समय से घरेलू रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में खेला था। डीडीसीए ने हाल ही में कोहली का नाम दिल्ली की प्रारंभिक 22 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। विराट के साथ ऋषभ पंत भी दिल्ली की टीम में शामिल हैं। रोहित- यशस्वी जम्मू- कश्मीर के खिलाफ उतरेंगे बता दें कि रोहित शर्मा को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान यशस्वी जायसवाल के साथ बल्लेबाजी करेंगे और अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलेंगे। रणजी ट्रॉफी का अंतिम दौर (30 जनवरी से 2 फरवरी तक) भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज से पहले समाप्त होगा, जो 6 फरवरी से शुरू होगी।

# आईपीएल का आगाज 21 मार्च से

## ईडन गार्डंन को मिली मेजबानी

**नई दिल्ली.**




आईपीएल- 2025 का आगाज 21 मार्च से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 25 मई को टूर्नामेंट के शुरुआत होगी और यही पर फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। इसके अलावा विमेंस प्रीमियर लीग 2025, 7 फरवरी से 2 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। नवंबर में मेगा नीलामी से पहले आईपीएल की तरफ से बड़ा कदम उठाते हुए फ्रेंचाइजी के साथ अगले तीन सीज़न (2025-27) के लिए विंडो शेयर की थी। 2025 के लिए विंडो 15 मार्च से 25 मई के बीच निर्धारित की गई। हालांकि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को होने के कारण आईपीएल और चैंपियंस ट्रॉफी के बीच 2 सप्ताह का अंतर रखने का फैसला किया है। लिहाजा 21 मार्च में आईपीएल की शुरुआत होगी। इस महीने के अंत में आईपीएल का पूरा शेड्यूल जारी होने की उम्मीद है। जैसा कि आमतौर पर होता है कि डिफेंडिंग चैंपियन का होम वेन्यू ओपनिंग मैच और फाइनल की मेजबानी करता है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 का खिताब जीता था, इसलिए उसके घरेलू मैदान ईडन गार्डन पर ये दोनों अहम मुकाबले खेले जाएंगे।

जबकि क्वालीफायर 2 की मेजबानी भी ईडन गार्डन्स ही करेगा। प्लेऑफ में पहले दो मैच - क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 2025 सीजन में 74 मैच होंगे। पिछले सीजन में भी इतने ही मैच खेले गए थे। आईपीएल 2022 में 84 मैच खेले गए थे। बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल के लिए 2 नए वेन्यू एड करने का फैसला किया है।

इस साल डब्ल्यूपीएल मुंबई और बेंगलुरू के साथ-साथ बड़ौदा और लखनऊ में भी खेला जाएगा। हालांकि कुछ देर बाद ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स को 27 करोड़ में खरीद लिया और पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से श्रेयस अय्यर ने कहा- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं कोच (रिकी) पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। चैंपियन और दिग्गजों के मिश्रण से टीम मजबूत दिखती है। मुझे उम्मीद है कि हम अपना पहला खिताब दिलाने के लिए प्रबंधन द्वारा दिखाए गए विश्वास पर खरा उतरेंगे।

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने अय्यर

□ डब्ल्यूपीएल का शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। आईपीएल मेगा ऑक्शन में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बनने वाले श्रेयस अय्यर को आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स का कप्तान बनाया गया है। यह घोषणा रविवार रात रियलिटी टीवी शो बिग बॉस में की गई, जहां अय्यर अतिथि के रूप में पीबीकेएस के साथी युजवेंद्र चहल और शशांक सिंह के साथ दिखाई दिए। श्रेयस अय्यर को पिछले साल मेगा ऑक्शन के दौरान पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ में खरीदा। कुछ समय के लिए अय्यर आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

# आज से रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 का आगाज़

**नागपुर.**

साई इलेवन का मुकाबला रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 के उद्घाटन मैच में बुधवार को कड़बी चौक स्थित मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल ग्राउंड पर शाहिद इलेवन कैम्पटी से होगा। वार्षिक टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन, डॉ. संदीप शिंदे के बाबूजी फाउंडेशन और हाजियानी जुबेदा अब्दुल रज्जाक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। उद्घाटन मैच शाम 5 बजे खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन बाबूजी फाउंडेशन के निदेशक डॉ. संदीप शिंदे करेंगे। इस अवसर पर विदर्भ और राजस्थान रॉयल्स के नए सनसनीखेज खिलाड़ी शुभम दुबे, एसएस स्टडी सर्किल के संदेश और सुभाष, बर्डे ग्रुप के निदेशक नरेश बर्डे, राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉरमेंस ऑपरेशन प्रमुख और टीम मैनेजर रोमी बिंदर, मेथोडिस्ट चर्च के जिला अधीक्षक रेव संदेश चांदेकर, मेथोडिस्ट स्कूल के प्रिंसिपल हेमंत धालवाले, माधव बाकरे, मूरली उदासी मुख्य अतिथि होंगे।

मोहम्मद अनीस ओपाई, रॉबी नैय्यर, रवींद्र सिंह राणा, उमेश जगवानी, अरशद सिद्दीकी, कोदुमल धनराजानी, मूरली उदासी, असलम बेरा, संगीत चौहान, विक्रम बत्रा, माधव बाकरे, जगदीश सुगंध, राजा खान विक्की सहगल, रोहित निकंबे, विक्रांत वाघचौरे, संदीप गायकवाड़, आदित्य मनु शर्मा, रितेश शब्बीर विद्रोही निर्मल दुदानी सुनील दुदानी गोंडाने, अनुराग यादव, मोहम्मद मुशायब, हुनेड़ शिरपुरवाला दीपक देवसिंघई राजेश साहनी नीरज गुप्ता मर्चट्टीवार साजिद मेमन बिलाल मेमन और अन्य भी मौजूद रहेंगे। जीतने वाली टीम को 2 लाख रुपये और एक चमचमाती ट्रॉफी दी जाएगी। रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इरफान रज्जाक ने बताया कि उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये और एक ट्रॉफी मिलेगी। मैन ऑफ द सीरीज को ईवी बाइक मिलेगी। इनके अलावा हर मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार, अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार और नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। रोजाना चार मैच दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे। बुधवार के लिए मैच: साई इलेवन बनाम शाहिद इलेवन, कैम्पटी (शाम 5 बजे), सेवन स्टार, रामनगर बनाम यंग स्टार इलेवन (शाम 6.30 बजे)। सनी दीदानी संयोजक आरपीसीएल 9.

## विंस ने ईसीबी की एनओसी पॉलिसी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 में अनसोल्ड रहे इंग्लिश बल्लेबाज जेम्स विंस ने पाकिस्तान सुपर लीग का नाम लेकर आईपीएल को घेरा है. विंस ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड पर सवाल भी दागे. पीएसएल के लिए बीते दिनों फर्स्ट क्लास क्रिकेट छोड़ने वाले विंस ने ईसीबी की एनओसी पॉलिसी पर सवाल खड़े किए हैं.

उनका मनाना है कि इंग्लैंड अपनी एनओसी पॉलिसी में आईपीएल को पीएसएल पर तवज्जों दे रहा है. उनका कहना है कि इंग्लैंड बोर्ड की एनओसी पॉलिसी सही नहीं है और उनके अलावा कई खिलाड़ी इस पॉलिसी को समझने में नाकाम रहे. क्रिकइंफो के अनुसार विंस ने कहा मेरे अलावा कई और खिलाड़ी भी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की एनओसी पॉलिसी को समझने में नाकाम रहे. हम ये नहीं समझ सके कि इस पॉलिसी में आईपीएल को पीएसएल पर क्यों तवज्जों मिल रही है. यह एक बड़ा मुद्दा है, जिसने बहुत भ्रम पैदा किया है. यह ईसीबी, पीसीबी और बीसीसीआई के रिश्ते से जुड़ा हुआ है कि वे इस नियम को क्यों लेकर आए हैं. पीएसएल कम दिनों तक चलने वाला टूर्नामेंट है. इसलिए यदि आप इसमें खेलने जा रहे हैं तो आप आईपीएल की तुलना में शायद कम घरेलू क्रिकेट मिस करेंगे. यह सही नहीं लगा. 33 साल के विंस को पीएसएल ड्राफ्ट से पहले कराची किंग्स ने रिटेन किया था. ईसीबी ने नवंबर में ऐलान किया था कि वह एनओसी केवल सफेद गेंद के स्पेशलिस्ट को अंग्रेजी सत्र के दौरान होने वाले टूर्नामेंटों के लिए देगा.

# टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज



**कोलकाता.**

पाकिस्तान की मेजबानी में अगले महीने होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड से पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम की अगुवाई सूर्य कुमार यादव करेंगे जबकि इंग्लैंड की कमान अनुभवी जोस बटलर के हाथों में है। इस मुकाबले में सभी की निगाहें लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर टिकी होंगी।भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज कोलकाता के ईडन गार्डंस में होना है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे खेला जाएगा।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत को इंग्लैंड से कड़ी चुनौती मिली है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 24 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें भारत ने 13 मैच जबकि इंग्लैंड ने 11 मुकाबले जीते हैं। यानी मुकाबला टक्कर का रहा है और अब इंग्लैंड सीरीज में इसे बराबरी पर लाना चाहेगा। इन आंकड़ों के अलावा दोनों टीमों और क्रिकेट प्रशंसकों की नजर कोलकाता के मौसम पर भी होंगी। ऐसे में सभी इस बात को जानना चाहेंगे कि कोलकाता में इंद्रदेव मेहरबान रहेंगे या अपना रूप दिखाएंगे। एक्यूवेदर के मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, कोलकाता में आज मौसम साफ रहेगा। दिन का तापमान अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

बारिश की कोई संभावना नहीं है, ऐसे में क्रिकेट फैंस बिना किसी बाधा के मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। वैसे भी ईडन गार्डंस अपनी बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों के लिए प्रसिद्ध है। दोनों टीमों को अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। मैच के दौरान ओस की महत्वपूर्ण भूमिका होने की उम्मीद है, जो संभावित रूप से दोनों कप्तानों की गेंदबाजी रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है। तेज आउटफील्ड होने के कारण बड़े स्कोर की उम्मीद की जा सकती है।

# हेड कोच रुबेन ने की अपनी ही टीम की आलोचना

**नई दिल्ली.** इंग्लिश प्रीमियर लीग में लगातार खराब फॉर्म से जूझ रही मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम को लेकर अब उसके मुख्य कोच रुबेन एमोरिम ने चौंकाने वाला बयान दिया है। इस सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड से जुड़े मुख्य कोच एमोरिम ने प्रीमियर लीग मैच में घरेलू मैदान पर ब्राइटन के हाथों 3-1 से मिली हार के बाद कहा कि क्लब के 147 साल के इतिहास में शायद यह सबसे खराब टीम है।



मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम प्रीमियर लीग में अपने घरेलू मैदान पर खेले पिछले पांच में से चार मैच हारी है और अंकतालिका में 13वें स्थान पर है। एमोरिम ने मैच के बाद कहा कि लीग में पिछले 10 मैचों में से हम सिर्फ दो जीत पाए हैं। कल्पना कीजिए मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशंसकों का दिल कितनी बार टूटा होगा। सोचिए एक कोच होने के नाते मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। प्रशंसक सोच रहे होंगे कि हमें एक नया कोच मिला है, जो कि पिछले कोच से ज्यादा मैच हार रहा है।

हमें इस आलोचना को स्वीकार करना होगा और बदलाव करना होगा। ब्राइटन ने मैच के पांचवें ही मिनट में याकुंबा मिंटेह के गोल से 1-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन ब्रूनो फर्नांडीज ने 23वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया था। लेकिन दूसरे हाफ में ब्राइटन का दबदबा रहा। कौरु मिटोमा ने 60वें और जार्जिनियो रटर ने 76वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से जीत दिला दी। वहीं, फिन फोडेन और अर्लिंग हॉलैंड जैसे स्टार खिलाड़ियों की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग में इस सीजन अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रविवार रात खेले गए मैच में सिटी ने इप्सविक टाउन को 6-0 से हरा दिया। इस मैच में फोडेन ने 27वें व 42वें, मातेओ कोवासिस ने 30वें, जेरेमी डोकू 49वें, हॉलैंड 57वें और जेम्स मकाटी ने 69वें मिनट में गोल दागे। किलियन एम्बापे के शानदार प्रदर्शन से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश ला लीगा मुकाबले में लास पाल्मास को 4-1 से हरा दिया। इस मैच में एम्बापे ने 18वें और 36वें मिनट में गोल किए, जबकि ब्राहिम डियाज ने 33वें और रोड्रिगो ने 57वें मिनट में गोल दागे।

# इंग्लैंड ने की टी20 प्लेइंग 11 घोषणा

**कोलकाता.**



इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ बुधवार को ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाले पहले टी20 मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। इस मैच से टीम के लिए ब्रेंडन मैकुलम के व्हाइट बॉल युग की शुरुआत होगी।

विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट, जो 2024 आईपीएल सीजन के दौरान अपनी ताबड़तोड़ बैटिंग के लिए मशहूर हुए, नॉटिंघमशायर के बेन डकेट के साथ ओपनिंग करेंगे। कप्तान जोस बटलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड तेज गेंदबाजी की अगुआई करेंगे। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बैजबॉल क्रिकेट के प्रवर्तक मैकुलम, पांच मैचों की टी20 सीरीज के साथ व्हाइट-बॉल क्रिकेट में कदम रखेंगे, जिसके बाद भारत के खिलाफ तीन वनडे और फरवरी-मार्च में पाकिस्तान और दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। दूसरी ओर, भारत ने अभी तक अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा नहीं की है। लेकिन पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी टखने की चोट के बाद टीम में वापस आ गए हैं। वह लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहे। उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। 2024-25 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद नितेश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किया गया है। मैकुलम की इंग्लैंड टीम बुधवार को कोलकाता में पहला टी20 मैच खेलेगी, जिसके बाद वह चेन्नई (25 जनवरी), राजकोट (28 जनवरी), पुणे (31 जनवरी) और मुंबई (2 फरवरी) में बाकी चार टी20 मैच खेलेगी। प्लेइंग इलेवन: बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

# मुंबई ग्राउंड स्टाफ को चावल, ब्रश, पेन, पेस्ट गिफ्ट!

**मुंबई.**

वानखेडे स्टेडियम के 50 साल पूरे होने पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) स्वर्ण जयंती मना रहा है। पिछले कुछ सालों से कई बीमारियों से जूझ रहे टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली भी इस समारोह में शामिल हुए और सबका ध्यान खींचा। चलने में तकलीफ होने के कारण पत्नी एंड्रिया ने उनका हाथ थामे रखा।

मुंबई के प्रतिभाशाली पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पिछले महीने बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। पुणे के एक निजी अस्पताल में इलाज के बाद वे घर लौट आए थे। अभी भी उन्हें ठीक से चलने में दिक्कत हो रही है। इसी बीच मुंबई क्रिकेट असोसिएशन ने उन्हें वानखेडे स्टेडियम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने का न्योता दिया। इस कार्यक्रम में विनोद कांबली को उनकी पत्नी एंड्रिया हेविट हाथ पकड़कर स्टेडियम लाईं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

स्टेडियम के 178 कर्मचारियों को 30 से ज़्यादा चीजों वाला एक बड़ा किट उपहार में दिया गया। इसमें चावल, गेहूं, कंबल, ब्रश, पेन, जूते, चादर, टी-शर्ट, जैकेट, धूप का चश्मा, छाता, बोतल समेत ज़रूरी सामान शामिल हैं। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बताया, 'कर्मचारियों को हमेशा पैसे देते हैं। लेकिन इस बार कुछ अलग करने के लिए ज़रूरी सामान दिया है।'

# मुफ्त शिक्षा और मोहल्ला क्लीनिक खत्म करने की योजना : केजरीवाल

**नई दिल्ली.**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र को ''देश के लिए खतरनाक'' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी सत्ता में आने पर सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद करने और मोहल्ला क्लीनिक सहित मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को खत्म करने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने ''असली इरादे'' उजागर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन नहीं करने को लेकर आगाह किया।



### बीजेपी के घोषणापत्र में क्या है ?

बीजेपी ने पिछले शुक्रवार को अपने पहले घोषणापत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये, 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2,500 रुपये की पेंशन का वादा किया था. दूसरे घोषणापत्र में बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर ने कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें सरकारी संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों के लिए नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा और यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता शामिल है.

उन्होंने कहा, ''अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं खत्म कर देंगे और दिल्ली में गरीबों के लिए जीना मुश्किल कर देंगे। यह आम आदमी के कल्याण पर सीधा हमला है।'' केजरीवाल ने लोगों से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील करते हुए दावा किया कि पार्टी की नीतियां देश के भविष्य को खतरे में डाल देंगी।

और दिल्ली के गरीबों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी। उन्होंने कहा, ''भाजपा का संकल्प पत्र सरकारी स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने का खाका है, जो कई लोगों के लिए जीवन रेखा रहे हैं।'' भाजपा ने अब तक इन आरोपों का जवाब नहीं दिया है।

## इलाज के बहाने युवक का धर्म परिवर्तन

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में धर्म परिवर्तन का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि एक युवक की सर्वाइकल बीमारी ठीक करने के बहाने उसे जालंधर (पंजाब) ले जाकर दूसरे धर्म में धर्म परिवर्तन कराया गया. बाद में उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की गई. पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया है.दरअसल, जाफरपुर महावां निवासी वीरेंद्र कुमार दिवाकर ने बताया कि उसे सर्वाइकल की समस्या है. वह कई सालों से इसका इलाज करा रहा है. पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल आते-जाते समय उसकी मुलाकात मंझनपुर कोतवाली के मंझनपुर कस्बा निवासी शंकरलाल चौरसिया से हुई. उसने झाड़-फूंक कर बीमारी ठीक करने का झांसा देकर उसे अपने झांसे में ले लिया.

एडिशनल एसपी राजेश सिंह ने बताया कि वीरेंद्र कुमार दिवाकर नामक शख्स ने मंझनपुर थाना क्षेत्र में शंकरलाल चौरसिया नाम के व्यक्ति पर पर्चे बांटते हुए धर्म परिवर्तन से संबंधित दुष्प्रचार करने का आरोप लगा था. उसके खिलाफ मंझनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. साथ ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

## रहस्यमय मौतों से प्रभावित गांव का अब्दुल्ला ने किया दौरा

**नई दिल्ली.**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को राजौरी के बधाल गांव का दौरा किया, जहां रहस्यमय परिस्थितियों में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की पिछले डेढ़ महीने में मौत हो गई. गांव का दौरा करने के बाद सीएम ने कब्रिस्तान का दौरान किया और मृतकों के लिए प्रार्थना की.


मुख्यमंत्री ने मोहम्मद असलम सहित शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की. जिन्होंने अपने छह बच्चों, मामा और चाची को खो दिया, जो पिछले सप्ताह लापता थे. असलम और उसकी पत्नी अपने परिवार में एकमात्र जीवित बचे हैं. सीएम अब्दुल्ला ने मोहम्मद रफीक से भी मुलाकात की, जिनकी पत्नी और तीन बच्चों की 12 दिसंबर को मौत हो गई. इसके अलावा फजल हुसैन के माता-पिता भी मुलाकात की जो अपने चार बच्चों के साथ 7 दिसंबर को अनसुलझे रहस्य में मरने वाले पहले व्यक्ति थे. अब तक 17 लोगों की रहस्यमय तरीकों से मौत हो चुकी है, जिसमें 13 बच्चे 3 से 15 साल तक की उम्र के हैं.



मुख्यमंत्री ने तीन परिवारों के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए कहा, 'कोई कमी नहीं होगी और जो भी जरूरी कदम होंगे उठाए जाएंगे. दुख की इस कठिन घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं. सैंपल टेस्टिंग के लिए उठाए गए थे और अगर यह कोई बीमारी होती तो पता चल जाता. मौतें एक-दूसरे से संबंधित तीन परिवारों तक ही सीमित थीं. हमें इस बात पर विशेष ध्यान देना होगा कि गांव में और कोई मौत न हो.'

अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ने ये पता लगाने की पूरी कोशिश कर रही है कि गांव में क्या हो रहा है, क्या ये मौतें किसी रहस्यमयी बीमारी का नतीजा तो नहीं हैं. सीएम ने पुलिस ने इस बात से इनकार किया है कि ये मौतें किसी की करतूत की वजह से हो रही हैं.सीएम ने कहा कि नागरिक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस जांच कर रही है. हमारे पास केंद्रीय टीम भी हैं, जिसने कुछ उपायों के बारे में भी जानकारी दी है. इससे पहले जम्मू-कश्मीर सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि जांच और सैंपल से इस बात का संकेत मिला है कि ये घटनाएं बैक्टीरिया या वायरस मूल के संक्रामक रोग के कारण नहीं हुई हैं. मृत लोगों के सैंपल में कुछ न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के बाद एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था.

## आम लोगों के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान



**नई दिल्ली.**

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक उद्यान प्रत्येक सोमवार को साफ सफाई के मद्देनजर बंद रहेगा। इसके अलावा पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा मतदान, 20-21 फरवरी को भवन में सम्मेलन और 14 मार्च को होली की वजह से बंद रहेगा। अगर आप अमृत उद्यान जा रहे हैं तो अपना पहचान पत्र अवश्य लेकर जाएं। इसके साथ ही आप अमृत उद्यान के अंदर फोन लेकर तो जा सकते हैं, लेकिन वहां न तो फोटो क्लिक कर सकते हैं और न ही वीडियो बना सकते हैं। इसके साथ ही पान, सिरगेट और अन्य खाने का सामान भी आप अंदर लेकर नहीं जा सकते। अपने साथ आप पानी की बोतल, बच्चे की दूध की बोतल, पर्स, छाता और हैंडबैग लेकर ही अंदर जा सकते हैं। अंदर खाने के लिए आपको फूड कोर्ट भी वहीं मिल जाएगा। राजधानी दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान को एक बार फिर से दो फरवरी से आम नागरिकों के लिए खोलने जा रहा है। आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक जा सकेंगे। छह से नौ मार्च को अमृत महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें दक्षिणी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन होगा। ये एक ऐसी जगह है, जहां आप अपने परिवार के साथ जा सकते हैं। अमृत उद्यान भारत के राष्ट्रपति कार्यालय और निवास में 15 एकड़ के विशाल विस्तार में फैला हुआ है।

## ट्रंप की ताजपोशी के बाद तालिबान ने छोड़े 2 अमेरिकी बंधक

**नई दिल्ली.**

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही आतंकियों में खलबली मच गई है. आतंकी बिलबिला चुके हैं. यही वजह है कि वे अब गीदड़भभकी देने लगे हैं. अमेरिका में राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप को आतंकवादियों की पहली धमकी मिली है. आतंकियों ने वीडियो जारी कर धमकी दी है कि अफगानिस्तान और पड़ोसी देशों में अमेरिकियों को निशाना बनाया जाएगा. दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान को अमेरिकी हथियार वापस करने को कहा है. न करने पर अमेरिकी सहायता में कटौती करने के संकेत दिए हैं. बहरहाल, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है.दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण के पहले अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी जा रही करोड़ों डॉलर के सहायता को लेकर सवाल उठाए थे. कुछ अमेरिकी सांसदों समेत अनेक संस्थाओं ने मांग की थी कि अफगान तालिबान को प्रति सप्ताह जो लाखों डॉलर की रकम दी जा रही है, वह अपने आप में गलत है. इसकी जांच कराई जानी चाहिए. डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगी एलन मस्क ने भी इस सहायता राशि को लेकर कमेंट किए थे. इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि अफगानिस्तानी तालिबान वहां छोड़े गए अमेरिकन हथियारों को वापस कर दे. ट्रंप ने स्पष्ट तौर पर संकेत दिए थे कि अफगान तालिबान को दी जा रही सहायता राशि में कटौती की जा सकती है या उसे बंद भी किया जा सकता है.अब राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के बाद आतंकवादियों का एक वीडियो सामने आया है. इसमें आतंकियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है. साफ कहा कि अफगानिस्तान और पड़ोसी देशों में अमेरिकियों को निशाना बनाया जाएगा. साथ ही अमेरिकी काउंसलेट और अमेरिकी प्रतिष्ठानों को भी आतंकवादियों का कहर झेलना पड़ेगा. माना जा रहा है कि यह वीडियो अफगानिस्तान और उसके आसपास के किसी इलाके में बनाया गया है.




## कोलंबिया ने की 'आपत्काल की स्थिति' की घोषणा

**नई दिल्ली.**

राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि वह देश के उत्तर पूर्व में लगातार हो रहे गुरिल्ला हमलों के बाद आंतरिक उथल-पुथल की स्थिति की घोषणा करेंगे। मुझे उम्मीद है कि न्यायिक प्रणाली हमारा समर्थन करेगी। कोलंबिया के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और उनका मंत्रिमंडल जब डिक्री पर हस्ताक्षर कर देगा तो आपातकाल प्रभावी हो जाएगा, लेकिन इसे कोलंबिया की अदालत अमान्य कर सकती है। हालांकि इस आपातकाल का इस्तेमाल कांग्रेस को निलंबित करने और नागरिक अधिकारों को खत्म करने के लिए नहीं किया जा सकता है।





दरअसल कोलंबिया में शांति वार्ता नाकाम होने के बाद हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और दो दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए राष्ट्रपति पेट्रो ने विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) को चेतावनी दी थी कि उनकी सेना कार्रवाई करेगी।

पेट्रो ने एक्स पर लिखा कि ईएलएन ने युद्ध का रास्ता चुना है तो उनको यही मिलेगा। उन्होंने ईएलएन अब मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला समूह बन गया है। ईएलएन शांति और लोगों से पूरी तरह से अलग हो गया है। पेट्रो ने 2022 में ईएलएन के साथ शांति वार्ता शुरू की थी, लेकिन कई मुद्दों पर असहमति के चलते वार्ता रुक गई है। कैटाटुम्बो क्षेत्र कोकीन बनाने और तस्करी के लिए बदनाम है। इस इलाके में प्रभाव रखने वाले दो सशस्त्र संगठन नेशनल लिबरेशन आर्मी और कोलंबिया मार्क्ससिस्ट रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस गुट के बीच यह हिंसा हो रही है। इन दोनों गुटों के बीच शांति की कोशिश की जा रही थी, लेकिन उसके नाकाम होने के बाद हिंसा भड़क गई। इस हिंसा की चपेट में कई आम नागरिक भी आ गए हैं। हिंसा के चलते स्थानीय लोग पलायन कर गए हैं और कई पड़ोसी राज्यों में रह रहे हैं तो कुछ लोग कोलंबिया की सीमा पार कर वेनेजुएला पहुंच गए हैं। कैटाटुम्बो क्षेत्र की सीमाएं वेनेजुएला से लगती हैं। शरणार्थियों के लिए नजदीकी शहरों में आश्रय स्थल बनाए गए हैं। ईएलएन नेता एंटोनियो गार्सिया ने कहा कि उनका संगठन नागरिकों को निशाना बनाने का इरादा नहीं रखता है, बल्कि वह पूर्व विद्रोही लड़ाकों को निशाना बना रहा है जो अब एफएआरसी-ईएमसी के साथ सहयोग कर रहे हैं। कोलंबिया में हो रही हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र ने भी चिंता जताई है।



विंटर कार्निवल में मंगलवार को मनाली के मालरोड पर महिला मंडलों की महानाटी आकर्षण का केंद्र रही।

## यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य होगा उत्तराखंड



**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि लंबे समय से इस मामले पर एक्सरसाइज की जा रही थी और हमने संकल्प लिया था कि राज्य में समान नागरिक संहिता का कानून बनाया जाएगा और इसको लागू किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आजादी के बाद पहला ऐसा राज्य बना है जो इसे लागू करने जा रहा है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता की नियमावली को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई है और जल्द जनवरी के महीने में ही इसको राज्य में लागू किया जाएगा.

## एमएफ हुसैन की 'आक्रामक' पेंटिग पर फैसला

### > कोर्ट ने दिल्ली आर्ट गैलरी को दिया ये आदेश

**नई दिल्ली.**

दिल्ली की आर्ट गैलरी में लगी एम एफ हुसैन की दो पेंटिंग पर विवाद गहरा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आर्ट गैलरी में लगी दोनों पेंटिग्स को जब्त करने को आदेश दिए है। हाईकोर्ट के वकील ने दोनों पेंटिंग को लेकर शिकायत की थी कि ये पेंटिंग्स आपत्तिजनक हैं। पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायाधीश साहिल मोंगा ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा बीएनएसएस की धारा 94 जो कि दस्तावेज या अन्य चीज पेश करने के लिए समन के तहत जांच अधिकारी को संबंधित पेंटिंग्स जब्त करने का निर्देश देने के लिए आवेदन किया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायाधीश साहिल मोंगा ने कहा कि उक्त आवेदन में उल्लिखित तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर, उक्त आवेदन को स्वीकर किया जाता है और जांच अधिकारी को दोनों पेंटिंग्स जब्त करने और 22 जनवरी को रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया जाता है।

शिकायतकर्ता ने आपत्तिजनक तस्वीरों को लेकर एक्स पर भी पोस्ट किया था। पोस्ट करते हुए लिखा कि 4 दिसंबर को मैंने नई दिल्ली आर्ट गैलरी में प्रदर्शित आपत्तिजनक पेंटिंग्स की तस्वीरें क्लिक की और एमएफ हुसैन के खिलाफ पिछली एफआईआर की जांच करने के बाद 9 दिसंबर को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, 10 दिसंबर को आईओ (जांच अधिकारी) के साथ मुलाकात के दौरान, पेंटिंग को हटा दिया गया और झूठा दावा किया गया कि उन्हें कभी प्रदर्शित ही नहीं किया गया।



न्यायाधीश मोंगा ने अपने आदेश में कहा कि एटीआर के अनुसार जांच अधिकारी ने पहले ही सीसीटीवी फुटेज और दिल्ली आर्ट गैलरी के एनवीआर को जब्त कर लिया है। एटीआर में आगे कहा गया है कि दिल्ली आर्ट गैलरी द्वारा चित्रों की एक सूची प्रदान की गई थी जिसमें विचाराधीन चित्रों का उल्लेख सीरियल नंबर 6 और 10 पर किया गया है। जांच रिपोर्ट में कहा गया कि प्रदर्शनी एक निजी स्थान पर आयोजित की गई थी और उक्त पेंटिंग केवल लेखकों/कलाकारों के मूल काम को प्रदर्शित करने के लिए थीं।

## कबाड़ से तैयार किये 25 फुट के लड्डू गोपाल

**आगरा.**

आगरा के यमुना आरती स्थल के समीप स्थापित 25 फुट ऊंची लड्डू गोपाल की अद्भुत मूर्ति इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है. इस विशाल कलाकृति को कलाकार फिरोज खान और संतोष कश्यप के नेतृत्व में लगभग 10 कलाकारों की टीम ने 5-6 महीनों में तैयार किया है.यह कलाकृति पूरी तरह से कबाड़ सामग्री जैसे खराब पाइप, चद्दर, सरिया और टायर का उपयोग करके बनाई गई है. मूर्ति का चेहरा 15 × 8 फीट का है और इसे 20 × 12 फीट के पेडस्टल पर रखा गया है.यह रचनात्मकता पर्यावरण के प्रति जागरूकता और कला के प्रति समर्पण का बेहतरीन उदाहरण है.आगरा में यमुना के किनारे ब्रज संस्कृति का माहौल तैयार किया गया है. नगर निगम द्वारा सजावट और कलाकृतियों ने इस क्षेत्र को एक आकर्षक पर्यटन स्थल बना दिया है. आने वाले पर्यटक इसे देखकर कहते हैं, "आगरा अब केवल ताजमहल का शहर नहीं, बल्कि संस्कृति और कला का अद्भुत केंद्र भी बनता जा रहा है. यह पहल न केवल आगरा की सुंदरता को निखार रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ब्रज संस्कृति को बढ़ावा देने का भी काम कर रही है.



### पर्यटकों के लिए बना सेल्फी प्वाइंट!

लड्डू गोपाल की इस विशाल मूर्ति ने यमुना किनारे को एक नया पहचान दी है.यहां आने वाले पर्यटक इसे देखकर अपनी गाड़ियों से उतरकर सेल्फी लेना और तस्वीरें खींचना नहीं भूलते. मूर्ति के आसपास दीवारों और सड़कों पर बनाई गई ब्रज संस्कृति को दर्शाती पेंटिंग्स शहर की सुंदरता में चार चांद लगा रही हैं. ब्रज संस्कृति की झलक से सजी आगरा की सड़कों पर उत्साह !

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन , 16 लोगों की मौत

**जकार्ता.** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन होने के कारण 16 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान 16 लोगों के शव बरामद किए, जो मुख्य द्वीप जावा के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे। ये शव मलबे और चट्टानों के नीचे दबे हुए थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन की घटना में 9 लोगों के लापता होने की सूचना है।



**मूसलाधार बारिश के कारण नदियों में आई बाढ़:** स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गस कैटुरसारी ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियों में आई बाढ़ ने मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के 9 गांवों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पवर्तीय क्षेत्र में पहाड़ों की ढलानों से मिट्टी और चट्टानें नीचे गिरे, कई पेड़ भी उखड़ गए। उन्होंने कहा कि बचाव कर्मियों ने सबसे ज्यादा प्रभावित पेटुंगक्रिओनो गांव से मंगलवार तक कम से कम 16 शव निकाले। उन ग्रामीणों की तलाश जारी है जो लापता हैं।